✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 244 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 31 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित बापू टावर पर आधारित विशेष आवरण का लोकार्पण करते सीएम नीतीश कुमार




## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में अब रविवार को भी होगी जमीन की रजिस्ट्री

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में जमीन की खरीद-बिक्री कराने वालों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि फरवरी महीने में रविवार को भी निबंधन कार्यालय खुले रहेंगे। यानी लोग अब रविवार के दिन भी भूमि की खरीद-बिक्री का निबंधन (रजिस्ट्री) करा सकेंगे। हालांकि महाशिवरात्रि की छुट्टी के दिन निबंधन कार्यालय बंद रहेंगे। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने शुक्रवार को आधिकारिक जानकारी दी। विभाग के अनुसार, फरवरी में महाशिवरात्रि को छोड़कर बाकी सभी दिनों में आम नागरिक निबंधन कार्यालय जाकर रजिस्ट्री से जुड़े सभी कार्य करवा सकते हैं।

### आपसी विवाद में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के फतुहा थाना क्षेत्र से शुक्रवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। रसलपुर गांव में आपसी विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दो चचेरे भाइयों के बीच चल रहा पुराना झगड़ा गोलीबारी में बदल गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। गांव में दहशत का माहौल है। मृतकों में 50 वर्षीय राजमंत्री देवी शामिल हैं। वह आरोपी युवक की चाची थीं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दूसरी मौत पड़ोसी देवसागर सिंह की हुई। देवसागर बीच-बचाव करने पहुंचे थे।

### फील्ड रेंज में विस्फोट से किशोर की मौत

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** सैनिक अभ्यास के बाद सुरक्षा मानकों के पालन में हुई गंभीर चूक एक नाबालिग की जान पर भारी पड़ गई। गया जिला अंतर्गत बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के बुमेर पंचायत के विघी पहाड़ी के समीप स्थित सैनिक अभ्यास फील्ड रेंज में शुक्रवार को अप्रस्फुटित विस्फोटक के अचानक फटने से 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बुमेर पंचायत निवासी सौरभ कुमार (15 वर्ष)के रूप में हुई है। वहीं इस हादसे में मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### महिला दारोगा को भेजा जेल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** ढाई वर्ष पहले रहस्यमय ढंग से लापता शिक्षक के मामले में गिरफ्तार महिला दारोगा अंजलि कुमारी को सीबीआई ने शुक्रवार को पटना स्थित विशेष न्यायिक दंडाकारी के समक्ष पेश किया। सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी मिस स्मिता कुमारी ने आरोपित दारोगा को न्यायिक हिरासत में लेते हुए 9 फरवरी तक बेऊर जेल भेज दिया।

## विधानसभा के सकारात्मक व रचनात्मक कार्यों को जनता तक पहुंचाए मीडिया : डॉ प्रेम कुमार

**विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति की बैठक | विधानसभा की कार्यवाही की रिपोर्टिंग होगी और भी आसान | सम्मानित किये गए वरिष्ठ पत्रकार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि विधानसभा में चर्चा में आए सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों तथा विधायकों द्वारा जनहित के मुद्दों को उठाए जाने जैसे विषयों को मीडिया की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। वे शुक्रवार को बिहार विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और बिहार विधानसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंच है, जहां राज्य के करोड़ों लोगों के भविष्य से जुड़े निर्णय होते हैं। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि विधानसभा की ओर से उन्हें हर संभव सहयोग, सहूलियत और सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि विधानसभा की सकारात्मक गतिविधियों की जानकारी बिहार के लोगों तक आसानी से पहुंच सके और विधानसभा की कार्यवाही की रिपोर्टिंग और अधिक सरल हो सके। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव के अलावा प्रभारी सचिव ख्याति सिंह, संयुक्त निदेशक संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार और संपादक कमल किशोर, यूनीवार्ता के वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार,



आकाशवाणी के अजय कुमार, हिंदुस्तान के विनोद बंधु, यूएनआई के कमलकांत सहाय, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी, रवि अटल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने कहा कि डॉ प्रेम कुमार जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं और उनके विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन यह देखने को मिला है कि जिला स्तरीय, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पत्रकारों को भी विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति की सदस्यता मिली है, जो सराहनीय कदम है। वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार ने विधानसभा में प्रेस उपकरण ले जाने की अनुमति का विषय उठाया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे इस संबंध में सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों और अन्य राज्यों की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर तदनुसार कार्रवाई करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि विधानसभा में सरकार द्वारा दिए गए मौखिक उत्तरों की लिखित प्रति मीडिया को उपलब्ध कराई जाएगी ताकि उन्हें पूरी और सटीक जानकारी मिल सके। इसके साथ ही विधानसभा की समितियों के क्षेत्र भ्रमण की पूर्व सूचना जिलाधिकारियों के माध्यम से पत्रकारों को दी जाएगी, जिससे उसकी बेहतर कवरेज हो सके। बैठक के अंत में विधानसभा अध्यक्ष ने पत्रकारों से विधानसभा की कार्यवाही और विधायी कार्यों के संचालन में सहयोग और रचनात्मक सुझाव देने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मौके पर पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।

## बिहार के सभी 534 प्रखंडों में एससी-एसटी छात्रों के लिए होगा छात्रावास का निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीतीश सरकार अगले पांच वर्षों में बिहार के सभी 534 प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण कराएगी। इस दिशा में अब तक 139 छात्रावास संचालित हैं, जबकि 60 नए छात्रावासों को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से कई स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह जानकारी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने शुक्रवार को सूचना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 91 आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जहां छात्रों को निशुल्क आवासन और उच्चस्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं दी जा रही हैं। इन विद्यालयों के छात्रों ने नीट, जेईई समेत अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। इसके अलावा 28 नए आवासीय विद्यालयों की स्वीकृति दी गई है। वहीं



प्रत्येक जिले में 100 बेड वाले सावित्री बाई फुले छात्रावास खोलने की योजना पर भी काम चल रहा है, जिसके तहत 18 जिलों में भूमि आवंटन हो चुका है और कुछ जगहों पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। मंत्री ने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को 15 किलोग्राम अनाज मुफ्त दिया जाता है और मुख्यमंत्री छात्रावास अनुदान योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजे जाते हैं। छात्रावासों में डिजिटल लाइब्रेरी सहित अन्य शैक्षणिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना का लाभ 1 लाख 53 हजार 506 छात्रों को दिया गया है। वहीं अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 127.50 करोड़ रुपये की अनुदान राशि दी गई है, जिसमें हत्या के मामलों में अब तक 107 आश्रितों को सरकारी नौकरी और 1477 को पेंशन दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बिहार महादलित विकास मिशन के तहत पंचायत स्तर पर 9,718 विकास मित्र तैनात किए गए हैं और एससी-एसटी टोलों में 4,808 सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड बनाए जा चुके हैं। थरुहट क्षेत्र के विकास के लिए गठित समेकित थरुहट विकास अधिकरण के अंतर्गत 357 योजनाएं ली गई हैं, जिनमें 279 पूरी हो चुकी हैं। विभागीय सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी ने कहा कि विभाग की योजनाओं से एससी-एसटी समुदाय के शैक्षणिक और सामाजिक विकास को नई गति मिल रही है।

## सूबे के 24 जिलों में 73 नई ग्रामीण सड़कों के निर्माण की योजनाओं को स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग की सुलभ संपर्कता योजना के तहत ग्रामीण संपर्कता को और अधिक मजबूत करने के लिए राज्य के 24 जिलों में 73 नई ग्रामीण सड़कों के निर्माण की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन 24 जिलों में कुल 254.40 किमी नई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इन सड़कों के निर्माण पर 515 करोड़ सेभी अधिक की राशि खर्च की जाएगी। सुलभ संपर्क योजना के तहत राजधानी पटना के लिए सबसे अधिक कुल 20 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। पटना के ग्रामीण इलाकों में कुल 25.115 किमी नई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस पर कुल 48.59 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। लखीसराय के लिए 14 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 14.12 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। इसी तरह नालंदा में कुल सात योजनाओं के लिए 32.68 करोड़, जहानाबाद में आधा दर्जन योजनाओं पर 27.05 करोड़, समस्तीपुर में पांच योजनाओं पर 30.98 करोड़, बांका और पूर्वी चंपारण में तीन-तीन योजनाओं पर क्रमशः 13.99 करोड़ व 6.44 करोड़ रुपये, भोजपुर, गयाजी, कटिहार व गोपालगंज की दो- दो योजनाओं पर क्रमशः 59.92, 17.27, 10.61 तथा 25.08 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह सारण, सासाराम, औरंगाबाद, अरवल, शेखपुरा, बेगूसराय और पश्चिम चंपारण के लिए विभाग की ओर से एक-एक योजना की स्वीकृति दी गई है।

## राज्यपाल व सीएम ने गांधी जी को किया नमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित किये जाने का मुख्य कार्यक्रम पटना के गांधी घाट पर आयोजित किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर महात्मा गांधी एवं हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सशस्त्र पुलिस द्वारा सलामी दी गई तथा दो मिनट की शोक सलामी भी दी गयी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय



कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष परासर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविन्द कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया और मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शून्य काल के लिए सुबह तीन बजे की कतार खत्म, ऑनलाइन दाखिल होंगे प्रश्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा में शून्य काल के दौरान प्रश्न शामिल कराने के लिए अब विधायकों को सुबह तीन बजे से कतार में लगने की जरूरत नहीं होगी। शून्य काल में प्रश्न शामिल कराने को लेकर लंबे समय से चल रही कतार, अव्यवस्था और धक्का-मुक्की की स्थिति अब समाप्त हो जाएगी। इस संबंध में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति के सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत विधानसभा के सदस्य शून्य काल में पूछे जाने वाले अपने प्रश्न अब ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे। दाखिल किए गए प्रश्नों में से शून्य काल के लिए प्रश्नों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इससे सभी विधायकों को समान अवसर मिलेगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी होगी।उल्लेखनीय है कि अब तक चली आ रही परंपरा के अनुसार शून्य काल के लिए प्रश्न शामिल कराने के लिए विधायकों को सुबह तीन बजे से विधानसभा पहुंचकर प्रश्न जमा करने पड़ते थे, जिसके कारण असुविधा और अव्यवस्था की स्थिति बनती थी। नई व्यवस्था लागू होने की जानकारी मिलने पर पत्रकारों ने भी प्रसन्नता जताई और इसे विधानसभा की कार्यवाही को सरल और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### सत्र के दौरान सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

बिहार विधानसभा के आगामी सत्र के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। इसे लेकर शुक्रवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने एक बैठक आहूत की, जिसमें बिहार के पुलिस महानिदेशक सहित सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बावजूद विधानसभा के सदस्यों और पदाधिकारियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने मीडिया कर्मियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया, ताकि वे बिना किसी बाधा के विधानसभा की कार्यवाही का कवरेज कर सकें।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश-स्कूलों में मिले सैनेटरी पैड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त में बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी पैड दिए जाएं। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ यानी मासिक धर्म स्वास्थ्य के अधिकार के तहत संविधान में दिए गए जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। स्कूली बच्चियों के स्वास्थ्य से जुड़े आदेश पर अदालत ने कहा है कि अगर सरकारें स्कूली छात्राओं को टॉयलेट और मुफ्त सैनेटरी पैड देने में फ़ेल होती हैं तो उन्हें भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। वरिष्ठ न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कक्षा 6 से 12वीं तक की छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने पर यह आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अगर प्राइवेट स्कूल लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग शौचालय और सैनेटरी पैड देने में फ़ेल होते हैं तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने कहा, 'मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

## पीएमआरसी का बड़ा फैसला, पटना मेट्रो का बढ़ेगा दायरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना मेट्रो के एक्सपेंशन को लेकर पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (पीएमआरसी) युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। इससे आने वाले समय में शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदलने वाली है। वर्तमान में मेट्रो का परिचालन बेहद छोटे हिस्से में हो रहा है। इसे अगस्त तक बढ़ाकर 9.322 किलोमीटर तक करने का लक्ष्य रखा गया है। पीएमआसी ने तय किया है कि वह पुणे मेट्रो से तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेनें किराए पर मंगाएगा ताकि मीठापुर से आईएसबीटी के बीच यात्रियों को सेवा दी जा सके। इस कनेक्टिविटी के शुरू होने से बस टर्मिनल से शहर के प्रमुख इलाके मीठापुर तक पहुंचना काफी आसान हो जाएगा और यात्रियों को भारी ट्रैफिक से निजात मिलेगी। एक्सपेंशन प्लान को दो फ़ेज में बांटा गया है। इसमें सबसे पहले फरवरी तक मलाही पकड़ी तक मेट्रो पहुंचाने की तैयारी है। वर्तमान में मेट्रो केवल भूतनाथ स्टेशन तक ही सीमित है लेकिन फरवरी के विस्तार के बाद इसका दायरा 6.107 किलोमीटर तक बढ़ जाएगा। तकनीकी बाधाओं के कारण खेमनीचक स्टेशन पर अभी काम पूरा नहीं हो पाया है जिसके चलते फरवरी में ट्रेन वहां नहीं रुकेगी। अगस्त में जब मीठापुर तक का कॉरिडोर पूरी तरह चालू हो जाएगा तब खेमनीचक स्टेशन को भी यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद जगनपुरा और रामकृष्ण नगर जैसे घने इलाकों के लोगों के लिए मेट्रो का सफर उनके दरवाजे तक पहुंच जाएगा। मेट्रो नेटवर्क का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा खेमनीचक स्टेशन होगा, जिसे एक इंटरचेंज जंक्शन के रूप में तैयार किया जा रहा है। यहां कॉरिडोर-1 और 2 की लाइनें एक-दूसरे से मिलेंगी जिससे यात्रियों को ट्रेन बदलने की सुविधा मिलेगी। कॉरिडोर-1 की ट्रैक ऊंचाई कॉरिडोर-2 से ज्यादा है लेकिन स्टेशन प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए दोनों लाइनें एक ही स्तर पर उपलब्ध होंगी। इससे यात्री आसानी से फोर्ड हॉस्पिटल या न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल की ओर जाने वाली ट्रेनों में शिफ्ट हो सकेंगे।



## विधायक आलोक कुमार सिंह बने रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी विधायक आलोक कुमार सिंह को दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने शुक्रवार को यह घोषणा की। शुक्रवार को स्थानीय होटल में उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि प्रशांत पंकज और सुभाष चंद्रवंशी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और हिमांशु पटेल प्रदेश महासचिव बनाये गये हैं। अब तक पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे मदन चौधरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संगठन बनाया गया है। माना जा रहा है कि रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने पार्टी को एकसूत्र में बांधे रखने के लिए दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# रबी उर्वरक कालाबाजारी पर जीरो टॉलरेंस, 118 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द

## राज्य में उर्वरकों की भरपूर उपलब्धता, कालाबाजारी पर सख्त प्रहार : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनियमित विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनवरी माह के दौरान पटना, गया, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, समस्तीपुर, मुंगेर, शेखपुरा, बांका, सुपौल एवं अररिया सहित कुल 16 जिलों में अनियमितता पाए जाने पर 41 उर्वरक प्रतिष्ठानों के प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए हैं। यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा एवं उर्वरकों की पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी 2026 तक राज्य में कुल 1.71 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.64 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.10 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.44 लाख मीट्रिक टन एमओपी एवं 1.06 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है जिससे किसानों की रबी फसल की आवश्यकताओं की पूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य पर विक्रय को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उर्वरक की उपलब्धता एवं मूल्य पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि रबी 2025-26 के दौरान अनियमितता के विरुद्ध 42 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा कुल 118 उर्वरक प्रतिष्ठानों का उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द किया गया है।

कृषि मंत्री ने बताया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापामारी एवं निरीक्षण के लिए मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर उड़नदस्ता दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमित रूप से छापामारी की जा रही है। राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी अथवा जमाखोरी से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री ने अधिकारियों को निदेश दिया कि प्रखण्डवार उर्वरकों का उप-आवंटन आच्छादन एवं वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा एवं भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक की मात्रा का नियमित सत्यापन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाए।

## एनटीपीसी कहलगांव तापीय विद्युत परियोजना और जिला प्रशासन के बीच विकास कार्यों को लेकर समझौता




**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के कहलगांव ताप विद्युत परियोजना और जिला प्रशासन के बीच विकास कार्यों को लेकर आज पहली बार एक एमओयू साइन किया गया। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में शुक्रवार को भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी और कहलगांव विधुत परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र पटेल की उपस्थिति में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत 03 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत वाली तीन योजनाओं को लेकर दोनों ओर से एमओयू (समझौता पत्र)पर हस्ताक्षर हुआ। इसके बाद जिला योजना पदाधिकारी मोनू कुमार और कहलगांव परियोजना के वरीय प्रबंधक (सीएसआर) के के सिंह ने एक - दूसरे को समझौता पत्र सौंपा। इस एमओयू के तहत भागलपुर स्थित भगवान प्रमंडलीय पुस्तकालय को डिजिटल पुस्तकालय के रुप में विकसित करने, दस सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं पुस्तकालय की सुविधा देने और सुरक्षा के दृष्टिकोण विभिन्न जगहों पर सीसीटीवी युक्त निगरानी चौकियों की स्थापना करना शामिल है। इसके साथ ही एनटीपीसी प्रबंधन के द्वारा आगे भी अन्य विकास कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि तीन विकास कार्यों के चालू होने से जिले के आमलोगों और विधार्थियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा भविष्य में विभिन्न अस्पतालों और विद्यालयों के विकास के लिए सीएसआर के तहत फंड देने का अनुरोध एनटीपीसी से किया गया है।

इधर कहलगांव विद्युत परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र पटेल ने कहा कि इस एमओयू के अंतर्गत तीन योजनाओं की शुरुआत के लिए बहुत जल्द राशि जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी जाएगी।

# गोल का भव्य नया भवन उद्घाटित

## अब छात्रों को एक ही परिसर में सभी सुविधाएं उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आज गोला रोड, पटना में प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गोल इंस्टिट्यूट ने अपने नवनिर्मित स्वामित्व वाले अत्याधुनिक भवन का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संस्थान ने घोषणा की कि गोला रोड शाखा की सभी कक्षाएं एवं कार्यालय अब इसी नए भवन से संचालित किए जाएंगे। नया भवन छात्रों की सुविधाओं और आधुनिक शिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जिससे अब संस्थान अपनी सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेगा। यह भवन स्मार्ट बोर्ड से युक्त आधुनिक कक्षाओं, सेंट्रली एसी इंटीग्रेटेड क्लासरूम, समृद्ध लाइब्रेरी तथा अन्य सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिससे छात्रों को एक ही परिसर में उच्चस्तरीय शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। भवन का स्थान भी अत्यंत सुगम एवं सुविधाजनक है जहां शहर के विभिन्न क्षेत्रों से परिवहन की सहज उपलब्धता है जिससे छात्रों और अभिभावकों को आने-जाने में विशेष सुविधा मिलेगी। अब गोला रोड शाखा से संबंधित सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य इसी नए भवन से संचालित किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा गोल परिवार का उद्देश्य सदैव छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना रहा है। यह नया भवन हमारे उसी संकल्प का सशक्त प्रमाण है जहां छात्र आधुनिक सुविधाओं के साथ अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ. ममता सिंह ने कहा नया भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि छात्रों के सपनों को दिशा देने वाला एक समर्पित शैक्षणिक केंद्र है। यहां उपलब्ध आधुनिक सुविधाएं, अनुशासित वातावरण और शैक्षणिक सहयोग छात्रों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## आईएचएम हाजीपुर ने मेगा स्वच्छता अभियान का किया नेतृत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** सतत पर्यटन और नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), हाजीपुर ने आज राज्यव्यापी 'मेगा पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम (टूरिज्म अवेयरनेस प्रोग्राम) का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत बिहार के चार प्रमुख स्थलों पर एक साथ गतिविधियां आयोजित की गईं– पटना का गांधी घाट, सोनपुर का हरिहरनाथ मंदिर, वैशाली का अशोक स्तंभ तथा शोहरामपुर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय।



आईएचएम हाजीपुर के प्राचार्य पुलक मंडल ने इस अवसर पर कहा आतिथ्य उद्योग की नींव 'अतिथि देवो भवः' की भावना पर टिकी है और स्वच्छता, अतिथि सत्कार की पहली सीढ़ी है। आईएचएम हाजीपुर में हमारा मानना है कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इस मेगा स्वच्छता अभियान के माध्यम से हमारे छात्र न केवल प्रबंधन कौशल सीख रहे हैं, बल्कि एक स्वच्छ और सतत भारत के ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। हमारा लक्ष्य बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक स्वच्छ एवं आदर्श गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

इस अभियान का उद्देश्य विरासत संरक्षण और सार्वजनिक स्वच्छता के बीच की खाई को पाटना था। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विभागाध्यक्ष सुमित चटर्जी ने स्वच्छता और पर्यटन अर्थव्यवस्था के बीच संबंध को रेखांकित करते हुए कहा स्वच्छता आतिथ्य और पर्यटन उद्योग की रीढ़ है। इस स्वच्छता कार्य योजना के माध्यम से हम 'स्वच्छ पर्यटन' की भावना को समाज में आत्मसात कराना चाहते हैं। सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुर्तजा कमाल ने अभियान की व्यापक रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत रणनीतिक योजना हमें जमीनी स्तर तक पहुंचने में सक्षम बनाती है। आज विभिन्न जिलों में एक साथ संसाधनों को सक्रिय कर हमने यह सुनिश्चित किया है कि स्वच्छता का संदेश पूरे राज्य में गूंजे।

## एलआईसी द्वारा अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) सलील विश्वनाथ ने 28 जनवरी 2026 को लखनऊ स्थित के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025-26 का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडलीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई की सचिव (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) एस. गायत्री तथा उत्तर मध्य क्षेत्र, कानपुर के प्रादेशिक प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) अजय कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र खेल नियंत्रण बोर्ड का वार्षिक आयोजन है जिसका इस वर्ष आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जा रहा है। इसमें एलआईसी सहित 13 सार्वजनिक क्षेत्र संगठनों के लगभग 120 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सलील विश्वनाथ ने अनुशासन, एकाग्रता और सहनशीलता के विकास में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को उत्साह और खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीणा की पहल पर तथा कुलपति प्रो. डॉ. शरद कुमार यादव के निर्देश पर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ. रूपेश, कुलानुशासक सह प्रभारी, अर्थशास्त्र विभाग, प्रो. सारस, प्रो. डॉ. तुषार आर्य, पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं गायक राजेश केशरी ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वच्छता जागरूकता अभियान में स्वच्छ सर्वेक्षण की महत्ता पर जोर देते हुए पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता



अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेना कई कारणों से जरूरी है। यह सर्वेक्षण लोगों को अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। इसमें भाग लेने से शहर की स्वच्छता में सुधार के लिए सुझाव देने का मौका मिलता है। अच्छे प्रदर्शन वाले शहरों को पुरस्कार और मान्यता मिलती है जिससे शहर की प्रतिष्ठा बढ़ती है। स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है और पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। यह सर्वेक्षण सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देता है और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छता के प्रति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रयासों की चर्चा करते हुए उपस्थित लोगों को समझाया गया कि स्वच्छता देवत्व के समीप होता है। उत्तम दवा है सफाई बापू का है कहना जैसे गीतों के जरिये सबको स्वच्छ रहने और शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर जागरूकता अभियान में भाग लिया और लोकगायिका नीतू नवगीत के साथ मिलजुल कर स्वच्छता गीत गाये। स्वच्छता जागरूकता अभियान के संचालन के दौरान डॉ. मनीषा प्रकाश, डॉ. मनीष पराशर, डॉ. शाद असगर, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. राजमणि प्रसाद सिन्हा, डॉ. एच एन दिवाकर, डॉ. सचिन पांडेय, प्रो. अंगद एवं संकाय के अन्य गणमान्य प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## जीविका द्वारा नवचेतना अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** महिमा जीविका महिला विकाश स्वावलम्बी सहकारी समिति के अंतर्गत नई चेतना अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सदस्यों में आपसी सहयोग, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम में सीएलएफ से जुड़ी महिलाओं एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के माध्यम से सम्मानित किया गया।

## विश्व शांति को लेकर शांति सद्भावना मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आज प्रेम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व शांति, अहिंसा और सद्भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक भव्य 'विश्व शांति सद्भावना मार्च' का आयोजन किया गया। यह मार्च पटना युवा आवास से प्रारंभ होकर गांधी संग्रहालय तक शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। मार्च में हजारों युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं गांधी विचारों में आस्था रखने वाले नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। हाथों में शांति, प्रेम, अहिंसा और मानवता के संदेश लेकर लिए प्रतिभागियों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि आज की अशांत और संघर्षग्रस्त दुनिया में गांधी के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष गांधीवादी प्रेम जी ने विचारों में अहिंसा, कर्म में सेवा को इस अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ गांधीवादी विचारक प्रेम जी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल इतिहास नहीं हैं, वे भविष्य की दिशा हैं जब तक समाज में अन्याय, हिंसा और असमानता है, तब तक गांधी जीवित रहेंगे। गांधीवादी प्रेम जी ने गांधीजी के विचारों में अहिंसा, कर्म में सेवा को प्रेरणादायक बताया और कहा कि गांधी जी का संपूर्ण जीवन अहिंसा, सत्य, प्रेम और सामाजिक समरसता के मूल्यों पर आधारित रहा है।

## शहीद दिवस पर सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

### गांधी के विचार आज भी देश के लिए प्रासंगिक : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 79वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बापू के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और न्याय के मूल्यों का प्रतीक है।

## विभिन्न सामाजिक सरोकारों पर साफ दृष्टि लाना डिजिटल पत्रिका 'द सोशल साइट' का उद्देश्य : शिवदयाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 'द सोशल साइट' स्वतंत्र, द्विभाषी मंच 'द सोशल साइट' के मुख्य संपादक मशहूर लेखक और चिंतक शिवदयाल ने कहा कि विभिन्न सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर लोगों के बीच साफ दृष्टि लाना इस नयी मासिक डिजिटल पत्रिका का उद्देश्य है। मुख्य सम्पादक ने कहा कि राजनीतिक और धर्मिक विषयों पर बोलने और उसे विश्लेषित करने के लिए पत्रिकाएं और प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं लेकिन कहीं न कहीं सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं को उस तरह का आकर्षण नहीं



मिल पाता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफोर्म पर प्रकाशित यह मासिक पत्रिका द सोशल साइट (सामजिक दृष्टि) ऐसी ही बौद्धिक कमी को पूरा करने के लिए एक पहल है। उन्होंने कहा कि यह पत्रिका समाज, सत्ता, कानून, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, विज्ञान और सभ्यता पर गंभीर लेखन के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में गहन लेख प्रकाशित होंगे जिससे सार्थक सार्वजनिक बहस की शुरुआत संकीर्ण भाषाई दायरों से बाहर निकल पायेगी।

## शहादत दिवस पर याद किए गए राष्ट्रपिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति पटना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर व्यवस्थापक जीवनारायण प्रसाद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन कृत्यों को याद किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सत्य और सरलता की मूर्ति कहे जाने वाले गांधीजी का जीवन एक खुली किताब था। उन्होंने अपने जीवन में कई ऐसी बातें कही जिनका आज भी काफी महत्व है। महात्मा गांधी अपने जीवन में कई बार जेल गये, लेकिन उन्होंने देश की आजादी के लिये संघर्ष करना कभी नही छोड़ा। उनसे सभी को ये सीखना चाहिए कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार माखनलाल परामर्शीय के अलावा सभी खड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जंदाहा में गंदगी और जलजमाव से कुशल युवा कार्यक्रम के छात्र परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जंदाहा (वैशाली)।** नगर पंचायत जंदाहा अंतर्गत वार्ड संख्या-06 में स्थित कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी, जंदाहा के छात्र गंदगी, कूड़ा-कचरा और जलजमाव की गंभीर समस्या से परेशान हैं। छात्रों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल में नियमित रूप से कूड़ा फेंके जाने तथा सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार पास स्थित एक भवन के किराएदारों द्वारा घरेलू कूड़ा पार्किंग क्षेत्र में फेंका जा रहा है। इस संबंध में भवन



स्वामी मिथिलेश झा को कई बार अवगत कराए जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे पार्किंग स्थल कूड़ाघर में तब्दील हो गया है। कूड़ा जमा रहने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण क्षेत्र में लगातार जलजमाव बना रहता है। इससे छात्रों को वाहन खड़ा करने में कठिनाई होती है तथा गंदगी और दुर्गंध के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका बनी हुई है। संस्थान के संचालक आनंद रंजन झा एवं सहयोगियों द्वारा नगर पंचायत के सफाई कर्मियों और संबंधित अधिकारियों को कई बार सूचना दी गई, लेकिन न तो नियमित कूड़ा उठाव हो रहा है और न ही समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। इससे नगर पंचायत जंदाहा की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी में बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के तहत युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

## पटना में एसर का विस्तार, बोरिंग रोड और एस.पी. वर्मा रोड पर खुले एक्सक्लूसिव स्टोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दुनिया की अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनी एसर ने पटना में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करते हुए दो प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू किए हैं। बोरिंग रोड में कंपनी का तीसरा और एस.पी. वर्मा रोड में दूसरा एक्सक्लूसिव स्टोर खोला गया है जहां ग्राहकों को एसर की अत्याधुनिक तकनीक का प्रत्यक्ष और व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

# ताराचण्डी के पास विद्युत पावर सब स्टेशन के निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सासाराम के ताराचण्डी के समीप धनकाढ़ा गांव में कैमूर पहाड़ी से सटे 60 डिसमिल भूमि पर विद्युत पावर सब स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। प्रस्तावित सब स्टेशन के चिन्हित स्थल को अनुमण्डल पदाधिकारी की मौजूदगी में अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान



सम्बंधित विभाग के अधिकारी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। अतिक्रमण हटने के बाद अब पावर सब स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने वाले और हमेशा तत्पर रहने वाले समाजसेवी सुमन सासाराम ने कहा कि पावर सब स्टेशन के निर्माण से क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को सिंचाई में सुविधा मिलेगा। वही गरीब और माध्यमवर्गीय परिवारों को भी नियमित और सुचारु बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इस क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मैकू राम ने एक बार फिर हाई स्कूल तिलौथू के प्रभारी प्रधानाध्यापक का पद संभाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में बुधवार को मैकू राम ने एक बार फिर प्रभारी प्रधानाध्यापक पद का पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार संभालते ही विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र के लोगों और शिक्षाविदों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उन्हें बधाई देते नजर आए। जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा 27 जनवरी को निर्गत पत्र के आलोक में मैकू राम को प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में प्रभार प्राप्त



करने का आदेश दिया गया था। इसी आदेश के तहत बुधवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार की उपस्थिति में उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पद का संपूर्ण प्रभार ग्रहण किया। प्रभार हस्तांतरण की पूरी प्रक्रिया आदेश पुस्तिका में दर्ज की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद मैकू राम ने विद्यालय के छात्रों और कर्मियों के साथ बैठक की, जिसमें शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और विकास कार्यों को तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रगति को किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होने दिया जाएगा और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# इंद्रपुरी जलाशय योजना साढ़े चार दशक के संघर्षों का परिणाम : संजय सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साढ़े चार दशक के संघर्षों के बाद इंद्रपुरी जलाशय योजना (पूर्ववर्ती नाम कद वन जलाशय योजना) आकार लेने लगा है। इसके निर्माण से पुराने शाहाबाद और मगध प्रमंडल से लेकर पटना तक के खेतों को सालों भर पानी मिल सकेगा। साथ ही ढाई सौ मेगा वाट जल विद्युत का भी उत्पादन होगा। बिहार मुक्ति केंद्र और बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर गांधी स्मारक में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए नेता लोहिया विचार मंच के अध्यक्ष संजय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद राम अवधेश सिंह की पहल पर राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में यह योजना स्वीकृत हुई थी। चार दशक बाद से सरकार की इच्छाशक्ति के कारण यह योजना मूर्त



रूप नहीं ले सकी जबकि इसके लिए 1979 में 30 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने भी दिए थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस योजना को पूर्ण कराने को ले पहल किए जाने के लिए बधाई दी। हाल ही इसके निर्माण का बिहार मंत्रिमंडल ने फैसला लिया है। उन्होंने सरकार से भूमि अधिग्रहण कर जलाशय निर्माण कार्य प्रारम्भ की मांग की। कार्यक्रम से पूर्व महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बिहार मुक्ति केंद्र के राष्ट्रीय महासचिव डा. संत सिंह ने कहा कि सड़क से संसद तक संकल्पित संघर्ष की बदौलत इंद्रपुरी जलाशय योजना और बिहार के चौकीदारों दफादारों को सरकारी चतुर्थवर्गीय कर्मचारी घोषित कराया। उन्होंने कहा कि आज भी चौकीदारों की नियुक्ति सहित अन्य मांगे अभी लंबित है। उन्होंने सरकार से चौकीदार दफादारों की लंबित मांगों को पूरा करने की भी मांग किया। सभा को रोहन लाल मेहता, विनोद कुमार, सरफुद्दीन अंसारी, शिव गांधी, सुनील कुमार पप्पू, ललित सिन्हा, अनिरुद्ध कुमार, नईम खान, रोहित रजक, प्रकाश कुमार आदि ने संबोधित किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा प्रतिभागियों का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** 20वीं रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा में भाग लेने वाले देश-विदेश से आए वनवासी बंधु-भगिनी के सम्मान में 31 जनवरी को सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम संध्या काल में आयोजित होगा जिसमें विभिन्न राज्यों एवं नेपाल से आए वनवासी समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। स्वागत समिति के संयोजक जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि इस वर्ष का कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप का होगा क्योंकि नेपाल से भी वनवासी बंधु-भगिनी इस तीर्थ यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। देश के लगभग दस राज्यों से करीब 4000 वनवासी बंधु-भगिनी इस ऐतिहासिक यात्रा में भाग ले रहे हैं। स्वागत समिति के सचिव महेंद्र ओझा ने बताया कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा यह तीर्थ यात्रा करीब 19 वर्ष पूर्व प्रारंभ की गई थी जिसका उद्देश्य पहाड़ी एवं वनवासी क्षेत्रों में सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाना है। रोहतास एवं कैमूर जिले के कुल 12 पंचायतों में निवास करने वाले वनवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए यह यात्रा एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। अब तक की यात्राओं से पहाड़ी गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक चेतना का व्यापक प्रसार हुआ है। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा चरकी क्षेत्र में विद्यालय एवं छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक रविवार पांच चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाती है जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। आयोजन समिति ने समाजसेवियों, शिक्षाविदों, पत्रकारों एवं आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस नवजागरण अभियान के इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित होकर वनवासी समाज के प्रति एकजुटता और सहयोग का संदेश दें।

# सत्य और अहिंसा के प्रतीक थे महात्मा गांधी : संजय कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री विद्यालय, शिवगंज डिहरी में प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के प्रतीक थे। उन्हीं के बताए मार्ग पर चलकर भारत ने



स्वतंत्रता संग्राम में सफलता प्राप्त की और अंग्रेजों को देश छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। गांधी जी के सबसे सशक्त हथियार सत्य और अहिंसा ही थे। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई, जो भारत के इतिहास का एक अत्यंत दुखद और काला दिन है। आज पूरा विश्व गांधी जी के विचारों और आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित है। प्रधानाध्यापक ने आगे कहा कि गांधी केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचार हैं। ऐसे महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है जब हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं चंचल द्विवेदी, नरेश प्रसाद, नसरीन, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता, विभा रानी, आयुषी गौतम, बाल संसद, मीना मंच एवं छात्र-छात्राओं ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कोटि-कोटि नमन किया तथा उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कृषि संस्थान ने रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्विवद्याल, जमुहार, सासाराम के खेल परिसर में आयोजित नारायण युवोत्सव-2026 के अंतर्गत आज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन अत्यंत रोमांचक और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के महिला वर्ग के विभिन्न संस्थान की टीमों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आज महिला वर्ग के प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कृषि संस्थान एवं फार्मेसी संस्थान की टीमों के बीच खेला गया जिसमें कृषि संस्थान ने कड़े संघर्ष के बाद फार्मेसी संस्थान को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त



किया। प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं। खेल मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। प्रतियोगिता की शुरुआत लीग मैचों से हुई जिनमें विभिन्न संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। कृषि संस्थान की महिला वर्ग की टीम ने प्रारंभ से ही उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबले जीते और फाइनल में प्रवेश किया। वहीं फार्मेसी संस्थान की महिला वर्ग की टीम ने भी अपने मजबूत खेल और रणनीति के दम पर फाइनल तक का सफर तय किया। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों की भारी भीड़ मैदान में मौजूद रही। दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों के जोश को और बढ़ा रहा था। जैसे ही मैच की शुरुआत हुई, दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले सेट में फार्मेसी संस्थान की टीम ने शानदार सर्विस और मजबूत स्मैश के बल पर बढ़त बनाई। कृषि संस्थान ने भी कड़ी टक्कर दी, लेकिन कुछ तकनीकी त्रुटियों के कारण पहला सेट फार्मेसी संस्थान के नाम रहा।

# पूर्व मध्य रेल में पहली बार 'कवच' के साथ मानपुर-सरमाटांड रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल यात्री संरक्षा एवं सुरक्षा के प्रति सदैव तत्पर रहती है और इसके लिए नित नई तकनीकों का उपयोग भी करती रहती है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों के संरक्षित परिचालन हेतु छत्रसाल सिंह के नेतृत्व एवं दिशा निर्देश में डीडीयू-प्रधानखांटा रेलखंड पर 93.3 किमी लंबे मानपुर-सरमाटांड रेलखंड के मध्य चालू किया गया। इससे अब इस रेलखंड पर कवच के साथ ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इसी क्रम में 30 जनवरी 2026 को पहली ट्रेन नंबर 13305 सासाराम इंटरसिटी ने कवच वाले सेफ्टी




फीचर्स के साथ सुबह 07.42 बजे सरमाटांड स्टेशन से खुलकर 09.35 बजे मानपुर स्टेशन पहुंची। इस दौरान हेड ऑन कोलिजन टेस्ट भी किया गया और ट्रेन 4259 मीटर की दूरी पर रूक गयी।

विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के 4238 रूट किमी पर कवच लगाया जाना है। इसमें लगभग 417 रूट किलोमीटर लंबे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-मानपुर-प्रधानखांटा रेलखंड भारतीय रेल के दिल्ली-हावड़ा रेलखंड के व्यस्तम मार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रेलखंड उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड राज्य से होकर गुजरता है। इस रेलखंड पर 8 जंक्शन स्टेशन सहित कुल 77 स्टेशन, 79 लेवल क्रॉसिंग गेट और 07 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल हैं।

# फायरिंग मामले के तीन आरोपियों को जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भूमि विवाद में फायरिंग करने के तीन आरोपी को जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुसंधानकर्ता सह अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि अथमलगोला थाना कांड संख्या 436/25 विगत एक दिसंबर को दर्ज किया गया था। जिसमें थाना क्षेत्र के गंजपर निवासी शशि कुमार सहित अन्य आरोपियों की तलाश थी। इस क्रम में बबलू कुमार, शशि कुमार एवं गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पंचायत समिति की बैठक में कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख मनीष कुमार उर्फ मुन्ना यादव की अध्यक्षता में हुई पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्थानीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख मनीष कुमार उर्फ मुन्ना यादव उप प्रमुख प्रियंका देवी, बीडीओ अजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसमस्याओं सहित अन्य



स्वास्थ्य, शिक्षा, जनवितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पीएचइडी विभाग, बिजली विभाग, जी राम जी योजना, जीविका, धान अधिप्राप्ति सहित प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजना को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी ममता कुमारी, बीसीओ मनोहर गुप्ता अमित भारती, राजस्व अधिकारी तौकीर अहमद, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डा संजय कुमार, एमओ खुशबू कुमारी, चकन्हा पंचायत मुखिया पुनम देवी, गंगौली मुखिया देवानंद सिंह बरांव कला मुखिया सुनतेश्वर राम उर्फ ददन पासवान सहित कई अन्य विभागीय कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना के कमरंगज से इंद्रपुरी थाना के सहयोग से साउथ मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच के पुलिस अधिकारियों ने अभियुक्त अनिल चौधरी उर्फ रास राज चारु बौरी को शुक्रवार को घर से साइबर फ्राड में पकड़ा है। इस पर क्रिमिनल केस संख्या 6/26, 20 जनवरी को मुंबई स्थित साउथ मुंबई साइबर थाने में धारा 318(4)/ 319(2)/336(2)/336 (3)/61(2) भारतीय न्याय संहिता 66(सी)/66(डी) आई टी एक्ट 2000 में दर्ज की गई है। आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के क्रम में साइबर क्राइम ब्रांच के पीएसआई दीपेश शिंदे के नेतृत्व में मुंबई से आई पुलिस ने इंद्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता के सहयोग से अभियुक्त के घर से पकड़ा है। थानाध्यक्ष के अनुसार अभियुक्त के परिजन मुंबई में भी रहते हैं। इसी क्रम में यह मुंबई गया था जहां एक मामले में 10 करोड़ रुपए के गबन हुए हैं। उक्त गबन में इसके खाते से भी लेन देन हुए। इसी की तहकीकात में इसके खाते से लेन देन का मामला प्रकाश में आया है जिसमें अभियुक्त को मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर अभियुक्त को मुंबई ले गया है।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर डिहरी में योग व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पतंजलि आदर्श योग कक्षा, डिहरी में शुक्रवार की सुबह योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने किया। योगाभ्यास के उपरांत डॉ. बी.एन. सिंह द्वारा उपस्थित सभी साधकों का बीपी, शुगर एवं वजन की जांच की गई। जांच में लगभग सभी साधकों के स्वास्थ्य परिणाम संतोषजनक पाए गए। इस दौरान बताया गया कि नियमित रूप से आसन एवं प्राणायाम करने से बीपी, शुगर और वजन नियंत्रित रहता है। जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रतिदिन योगाभ्यास से शरीर की शुद्धि होती है, मानसिक एकाग्रता बढ़ती है तथा व्यक्ति सात्विक और निर्मल जीवन की ओर अग्रसर होता है। प्राणायाम मन को शुद्ध करने एवं नकारात्मक भावनाओं से दूर रखने का एक उत्तम और प्रभावी साधन है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने और निरोग रहने का आहवान किया।


## AFFIDAVIT

I Md Iqbal, D.O.B.- 26-11-1987, S/o Md Naim, R/o Village+P.O.-Garhara, Ward No-08, P.S.-Barauni, Dist.- Begusarai, State- Bihar, PIN No-851126, do hereby solemnly affirm and declare as under.
That I am an Indian citizen and I am deponent of this affidavit.
That my actual and correct name is MD IQBAL, and my correct address is Village-Garhara, Ward No- 08, P.S.-Barauni, Dist.- Begusarai, State- Bihar, PIN No-851126, which is mentioned in my Aadhar card bearing no.-5153 0343 2597.
That in my Passport vide Passport No- X7037476, my name is written as MD IKAVAL ALAM and my address is mentioned as At+P.O.-Garhara, Ward No-08, P.S.- Barauni, Begusarai, PIN: 851126, Bihar, India, which is incorrect.
That I swear this affidavit for rectification in my Passport in my name and as per my Aadhar card.
That above noted statement of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief and I have concealed nothing there in Deponent has signed.

**Deponent**
**Md Iqbal**

## शपथ पत्र

मैं आलोक कुमार रॉय, पिता स्व.चक्रेश्वर प्रसाद रॉय, निवासी ग्राम देव, बरई बीघा, पोस्ट थाना देव, जिला-औरंगाबाद।
अरुणा रॉय (Aruna Roy) मेरी पुत्री है जो CBSE दिल्ली बोर्ड के अंतर्गत DAV Public School, Lajpat Nagar Katar, Dehri-on-sone, Rohtas (Bihar) से 10वीं की परीक्षा वर्ष 2024 में उत्तीर्ण की है। मेरी पुत्री का उक्त परीक्षा में रोल नंबर 22231882 तथा स्कूल का कोड 66115 है एवं अंक प्रमाण पत्र संख्या 0706682/registration no. P124/65115/0111 है। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद मेरी पुत्री अपना अंक प्रमाण पत्र विद्यालय से प्राप्त की थी जो पानी में भींग कर नष्ट हो गया है। मुझे अपनी पुत्री का उक्त परीक्षा की अंक प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है। मेरी उपरोक्त बयां सत्य एवं सही है।

**शपथकर्ता**
**आलोक कुमार रॉय**


# छायावाद के प्रमुख स्तम्भ थे महाकवि जयशंकर प्रसाद

## जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिन्दी काव्य में जिन चार साहित्यिक-विभूतियों जय शंकर प्रसाद, सुमित्रा नंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' और महादेवी वर्मा को छायावाद-काल का स्तम्भ कहा जाता है, उनमें महाकवि जय शंकर प्रसाद प्रमुख हैं। वे एक युग-प्रवर्त्तक साहित्यकार थे जिन्होंने हिन्दी-जगत को एक साथ कविता, कहानी, उपन्यास और नाटक लेखन के क्षेत्र में हिन्दी साहित्य को गौरवान्वित करने वाली, विश्व-विश्रुत महाकाव्य 'कामायनी' समेत अनेक अनमोल कृतियां दी। 'कामायनी' की परिगणना विश्व-महाकाव्य के रूप में की जाती है। यह बातें शुक्रवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित, महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि महाकवि के पिता बाबू देवी प्रसाद जी एक सफल और प्रतिष्ठित व्यवसायी थे। किंतु वाल्यावस्था में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया। प्रसाद जी पर पूरे परिवार के भरण-पोषण और व्यवसाय का बड़ा भार आ पड़ा। परिणाम-स्वरूप इनकी नियमित शिक्षा प्रभावित हुई। वे स्वाध्याय पर ही आश्रित हुए। घर पर ही हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी और फारसी भाषाओं का गहरा अध्ययन किया और अपनी सारी शक्तियां काव्य-सृजन और लेखन को अर्पित कर दिया। वे अत्यंत संवेदनशील और भावुक कवि ही नही, दयावान व्यक्ति भी थे। उनके पास जो कुछ भी था उसे उन्होंने साहित्य और समाज को दे दिया। इसलिए जीवन-पर्यन्त अभावों और दुःख में रहे। मात्र 48 वर्ष की आयु में ही 'क्षय' रोग ने उन्हें अपना ग्रास बना लिया। उनकी आयु छोटी रही, किंतु उनका साहित्यिक व्यक्तित्व बहुत ही विशाल रहा। उन्होंने साहित्य की प्रायः सभी विधाओं में विपुल लेखन किया। सम्मेलन की उपाध्यक्ष प्रो मधु वर्मा, डा रत्नेश्वर सिंह, ईं अशोक कुमार, इंदु भूषण सहाय, डा रेणु मिश्र और ईं आनन्द किशोर मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवयित्री आराधना प्रसाद, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सुजाता मिश्र, ज्योति पास्कल, डा शालिनी पाण्डेय, दिनेश्वर लाल 'दिव्यांशु', संजय लाल चौधरी आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी काव्य-रचनाओं से महाकवि को नमन किया।

# देसी शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** निरीक्षक प्रभारी डिहरी ऑन सोन रामविलास राम के नेतृत्व में आरपीएफ डिहरी ऑन सोन के उप निरीक्षक अमरजीत दास, साथ प्रधान आरक्षी शैलेश कुमार तथा जीआरपी सोननगर सिपाही ओम प्रकाश कुमार साथ सिपाही धीरेन्द्र कुमार मंडल सभी संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन सोननगर में गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 03/04 के पश्चिम झाड़ी के पास लावारिस हालत में 02 बोरा में कुछ वजनी सामान रखा हुआ दिखाई दिया जिसके पास जाकर उक्त बोरा को चेक करने पर कुल 156 अदद टनाका एवं छबीली मसालेदार देसी शराब कुल 39.3 लीटर बरामद हुआ।


## पूर्वोत्तर रेलवे

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बर BSB 01 PARKING 26

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| वनारस पी.एफ–8 स्थित (4 व्हीलर) स्टैंड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 10.30 बजे तक |
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 10.40 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 10.50 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 11.00 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 11.10 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 11.20 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 11.30 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 12.02.2026 | 10.00 बजे से 11.40 बजे तक |

ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाईन होगी। ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर आनलाईन रु.10,000/– (Non Refundable) आनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। ई–नीलामी (E-Auction) से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–245 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एक नजर

### अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आज

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता**। विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी होगी। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने सभी विद्यालयों के प्रधानों को इसकी जानकारी दी है। कहा है कि अभिभावकों को विभिन्न माध्यमों से इसकी जानकारी दी जाए। संगोष्ठी की समाप्ति के बाद गूगल फॉर्म को भी भरने को कहा गया।

### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता**। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के धेवधा गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के आरोप में धेवधा गांव के नागेश्वर पासवान को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि कांडों के आरोपितों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता**। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष नवलेश कुमार, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, राजीव कुमार सहित अन्य ने श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने उनकी देनों पर चर्चा करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### बाल विवाह उन्मूलन के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में बाल विवाह उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बाल विवाह मुक्ति रथ को गुरुवार को बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रखंड कार्यालय से निकलकर नारदीगंज बाजार होते हुए विभिन्न गांव पहुंच कर लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए जागरूक किया। यह कार्यक्रम नेहा ग्रामीण विकास समिति, नवादा के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के पहले बीडीओ ने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों समेत अन्य लोगों को बाल विवाह रोकने के लिए शपथ दिलाई। समिति के पीओ महेन्द्र प्रसाद ने कहा यह कार्यक्रम 100 दिनों तक जिले के विभिन्न प्रखंड व गांव चलाया जाएगा। बीते 27 जनवरी कार्यक्रम शुरू हुआ है, जो आगामी आठ मार्च को सम्पन्न हो जाएगी। मौके पर पीओ राजीव कुमार,नाजिर संटू कुमार,प्रधान लिपिक दीपक कुमार,लिपिक गौतम कुमार, विजय सिंह,कृषि समन्वयक अजय कुमार समेत अन्य लोग शरीक हुए।

### छात्रवृत्ति में दोगुनी वृद्धि किये जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

**नवादा /नबिटा ब्यूरो**। बिहार मुसहर भुंईया शिक्षा सेवक महासंघ के प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी ने बताया कि बीते दिनों गुरुवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मंत्रीमंडल की बैठक में सरकारी विधालय में कक्षा 1ली से 10वीं तक पढ़नेवाले अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को वार्षिक छात्रवृत्ति में दोगुना वृद्धि किये जाने तथा छात्रावासी विधार्थियों को छह हजार रुपए की वृद्धि किये जाने पर मुकेश मांझी सहित अनुसूचित जाति के कई अन्य लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताते हुए बधाई दी है। श्री मांझी ने कहा कि छात्रवृत्ति वृद्धि किये जाने से अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। इस सराहनीय कदम के लिए दशरथ मांझी, विकाश कु० मांझी,लक्ष्मण सिंह भोगता, संजय तुरी, सीताराम राजवंशी, राजकुमार चौधरी, गणेश मांझी, पार्वती कुमारी, सोनी राजवंशी, सुभाष रजक, एवं बसंत मांझी, के आलावे माधुरी कुमारी, रंजन कु० मांझी, समाज सेवी,समेत कई शिक्षा सेवक, शिक्षक, और अनुसूचित जाति के कई अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### यूजीसी के नए नियमों पर बीजेपी विधायक अनिल सिंह ने उठाए सवाल



**न वा दा / न बि टा ब्यूरो**। हिसुआ से बीजेपी विधायक अनिल सिंह ने यूजीसी के नए नियमों को लेकर अपनी ही सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को जारी किए गए नए यूजीसी नियमों में कई खामियां हैं, जबकि वर्ष 2012 के नियम अधिक संतुलित और न्यायसंगत थे। उस समय के प्रावधानों में एससी/एसटी के साथ-साथ ओबीसी वर्ग को भी शिकायत दर्ज कराने का स्पष्ट अधिकार प्राप्त था। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि नए नियमों से ऐसा संदेश जाता है कि भेदभाव केवल सामान्य वर्ग द्वारा ही किया जाता है, जो पूरी तरह गलत धारणा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालयों में ऐसा ढांचा होना चाहिए, जिसमें सामान्य वर्ग के छात्र और शिक्षक भी अपनी शिकायत और पक्ष खुलकर रख सकें। उन्होंने मध्य प्रदेश और हरियाणा का उदाहरण देते हुए सवाल उठाया कि क्या वहां कोई सामान्य वर्ग का छात्र भेदभाव कर सुरक्षित बच जाता है। विधायक ने झूठी शिकायतों पर कार्रवाई के प्रावधान हटाए जाने पर भी नाराजगी जताई और कहा कि बिना दंड के कोई भी नियम निष्पक्ष नहीं माना जा सकता, इससे शैक्षणिक माहौल में डर और असंतुलन बढ़ेगा।

अनिल सिंह ने कमेटी में शामिल पार्टी नेताओं पर बारीकियों पर ध्यान न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे को सरकार के उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के सिद्धांत पर किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे।

### पुण्यतिथि पर याद किये गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर खादी सूत की माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि के अवसर पर जेपी आश्रम परिसर सहित गांधी पार्क की सामूहिक रूप से साफ सफाई की गई। वहीं बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद लोगों ने सर्व धर्म प्रार्थना सभा मे हिस्सा लेकर गांधी के आदर्शों को अपनाने की शपथ ली। मौके पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह, रविकांत चौबे, शशांक शेखर सिंह,सुमिताप रंजन, रौशन कुमार, धीरेंद्र कुमार मन्नू, सुचिता तिर्की, दिनेश मण्डल,अंगद कुमार, विकास कुमार,पिंटू पासवान, सलोनी कुमारी, अनिल कुमार, श्रवण रविदास समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

# मध्यस्थता के प्रचार-प्रसार हेतु न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज की अध्यक्षता में 30 जनवरी 2026 को अपराह्न 04:35 बजे व्यवहार न्यायालय, नवादा स्थित कॉनफ्रेंस रूम (लाईब्रेरी हॉल) में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ मध्यस्थता के प्रचार-प्रसार हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नवादा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार "90 दिवस – मेडिटेशन 'फोर द नेशन ड्राइव 2.0" अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न्यायालय की जटिल प्रक्रिया के स्थान पर संवाद एवं आपसी सहमति के आधार पर विवाद समाधान को प्राथमिकता देता है, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निपटारा संभव हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पक्षकार ऑनलाइन, ऑफलाइन एवं हाइब्रिड मोड में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से अपने विवादों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह अभियान ऐसे मामलों को कवर करता है जिनमें समझौते की संभावना अधिक होती है। इसमें परिवार वाद, क्लेम वाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, सुलहनीय आपराधिक मामले, बंटवारा वाद, मकान मालिक एवं किरायेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य विवाद शामिल हैं। इन मामलों का निपटारा प्रशिक्षित मध्यस्थों के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 में ऐसे मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षकारों को सूचना देते हुए मध्यस्थता हेतु मामलों को सौंपा जाएगा, जहां मध्यस्थ अधिवक्ता पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर विवादों का समाधान कराएंगे।

बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नवादा के साथ प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, तृतीय, पंचम, षष्ठ (पॉक्सो), नवम एवं ग्यारह, अनन्य विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/जनजाति), अनन्य विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम एवं द्वितीय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी I, II, IV एवं V, अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, मुंसिफ, नवादा, प्रधान दण्डाधिकारी किशोर न्याय परिषद, नवादा सहित न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सोनल सरोहा, अनिता कुमारी, आदित्य आनंद, कमरूजमी एवं निखिल कुमार उपस्थित थे।

# देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में अवैध देह व्यापार के खिलाफ नवादा पुलिस ने बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि देह व्यापार में जबरन धकेली गईं दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल मुक्त कराया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा के निर्देश पर नगर थाना क्षेत्र के नवीनगर इलाके में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नवीनगर में श्रवण यादव के मकान में नाबालिग लड़कियों से अवैध देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सदर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसमें नगर थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं महिला पुलिसकर्मी शामिल थे। छापेमारी के दौरान मौके से कुल चार पुरुष आरोपी और दो नाबालिग लड़कियां बरामद की गईं। महिला पुलिस पदाधिकारियों द्वारा पूछताछ में नाबालिग लड़कियों ने बताया कि उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था और इसके एवज में उन्हें कुछ पैसे दिए जाते थे। इसके बाद पुलिस ने पूरे परिसर की विधिवत तलाशी ली और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में रोशन कुमार, गुलशन कुमार, तनु कुमार एवं प्रियंशु कुमार शामिल हैं।

# नहर पुल बना हादसों का कारण, ग्रामीणों ने की प्रकाश व्यवस्था और रेलिंग लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत सलेमपुर गांव के समीप मुख्य पथ पर स्थित नहर पुल इन दिनों गंभीर दुर्घटना जोखिम का केंद्र बना हुआ है। पुल के दोनों ओर सुरक्षा रेलिंग (घेराबंदी) और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों में लगातार रोष बढ़ता जा रहा है और वे सुरक्षा उपायों की तत्काल मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि उक्त पुल पर तीखा मोड़ है, जहां से दिन-रात छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। घेराबंदी और लाइट की व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालकों को विशेषकर रात के समय पुल का सही आकलन नहीं हो पाता, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। ग्रामीणों के अनुसार यहां पहले भी कई बार वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर चुके हैं। हालांकि अब तक किसी की जान नहीं गई है, लेकिन हर हादसे के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन जाती है और कई बार ग्रामीण सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय निवासी चितरंजन सिंह ने बताया कि पुल का चौड़ीकरण किए बिना और दोनों ओर मजबूत सुरक्षा रेलिंग लगाए बिना समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे में यहां सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकती है।

# डाक महा मेला में आमजन को योजनाओं की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा डाक मण्डल द्वारा आम नागरिकों को भारतीय डाक की विभिन्न बचत, बीमा एवं डाक सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नवादा में डाक महा मेला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 30 जनवरी 2026 को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस डाक महा मेला के मुख्य अतिथि बिहार परिमण्डल, पटना के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल एम. यू. अब्दाली रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक अधीक्षक, नवादा डाक मण्डल अरविन्द कुमार ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य बचत खाता खोलने, पीएलआई/आरपीएलआई सहित डाक विभाग की विभिन्न





योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना था। उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी 2026 से ही नवादा डाक मण्डल के सभी डाकघरों में जन-जागरूकता के लिए डाक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

डाक महा मेला में डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाक बचत बैंक योजनाएं, सुकन्या समृद्धि योजना, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, स्पीड पोस्ट, डाक निर्यात सेवा सहित कई सेवाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने बताया कि डाकघर की बचत योजनाएं न्यूनतम जमा राशि में अधिक ब्याज प्रदान करती हैं तथा इसमें किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता। साथ ही सीबीएस प्रणाली से जुड़कर देशभर में लेन-देन की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को मौके पर ही खाता खोलने, बीमा प्रस्ताव स्वीकार करने एवं परामर्श की सुविधा दी गई। विभिन्न स्टॉलों पर लोगों में योजनाओं को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर सेवा के लिए चयनित डाक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ने भारतीय डाक को जनसेवा के प्रति समर्पित संस्था बताते हुए नवादा डाक मण्डल के प्रयासों की सराहना की। वहीं डाक अधीक्षक ने भविष्य में भी ऐसे डाक मेलों के आयोजन की बात कही।

# सीओ ने ससमय निष्पादन का दिलाया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय तीन के अंतर्गत सात निश्चय में सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत अंचल कार्यालय नारदीगंज में जन सुनवाई कार्यक्रम मेंआयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न गांव के कई फरियादी पहुंचे, और मामले को निष्पादित कराने के लिए आवेदन पत्र जमा किये। मौके पर सीओ रईस आलम ने सभी फरियादियों के मामले को गंभीरता से सुनी। उसके बाद सभी फरियादियों को ससमय निष्पादित करने का भरोसा दिलाया। सीओ ने कहा इस जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत ननौरा के उपेन्द्र कुमार,कोसला के रामचंद्र और कुझा गांव के रामचंद्र चौहान ने परिमाजन कराने के लिए आवेदन



पत्र जमा किये हैं। इसके अलावा कई फरियादी ने भी न्याय के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा इस जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के बारह मामले आये। उसमे सात मामले को आन द स्पाट निष्पादित किया गया है। वैसे सभी लोगों के मामले को सूचीबद्ध किया गया है। सीओ ने कहा बीते 19 जनवरी 2026 को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भूमि से सम्बंधित 14 आवेदन पत्र आये थे। उन्होंने ने कहा आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था के साथ पेयजल, साफ सफाई समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। मौके पर कार्यपालक सहायक चंदन कुमार, राजस्व कर्मचारी आशुतोष कुमार, अशोक कुमार अजीत कुमार व अन्य लोग शामिल हुए।

# सत्य,अहिंसा के पथ पर चलने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को पुराने हिलसा अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने की।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग आज भी प्रासंगिक हैं। सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन करते हुए कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करना ही बापू के विचारों को सच्ची श्रद्धांजलि है।कार्यक्रम में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मौर्य, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी



ऋतुराज, अमरेश कुमार हंस, नीलम चौधरी, मुकेश कुमार, अभिषेक कुमार, कमलेश कुमार, दिलीप पांडे, सच्चिदानंद, अजय कुमार, सौरभ, अंकित, सूर्यकांत, विनित, राजीव कुमार, सचिदा पासवान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर रक्तदान शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर आज नवादा सदर अस्पताल में एक संयुक्त रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत विकास परिषद, शाखा नवादा एवं रोटरी क्लब ऑफ नवादा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। शिविर का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर में भारत विकास परिषद एवं




रोटरी क्लब के कुल सात सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में रामचंद्र कुमार सोनी, नीरज लोहानी, प्रहलाद कुमार, नवदेंदु शेखर, आदित्य कुमार, सदक हुसैन एवं शम्भु प्रसाद शामिल रहे। रक्तदाताओं के उत्साह और सहभागिता से शिविर सफल रहा।

इस अवसर पर नवादा के जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें घायलों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में सामाजिक संगठनों के सहयोग से रक्तदान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस पहल के लिए आयोजक संस्थाओं की सराहना की। शिविर के दौरान राजेन्द्र प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, नवीन कुमार सिन्हा उर्फ छवि सिन्हा, नीरज लोहानी, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, ऋषि सिन्हा, प्रह्लाद सागर, मनोज कुमार एमके, अरविंद कुमार गुप्ता, पंकज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक जिम्मेदारी और मानव सेवा का सशक्त संदेश दिया।

# बापू की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक समागम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नवादा इप्टा के सौजन्य से सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया। इस दरम्यान नवादा इप्टा के संस्कृतिकर्मियों ने हे राम बापू को बिहारी जन का सलाम कार्यक्रम के अंतर्गत भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मौजूदा दौर में बापू के जीवन दर्शन व विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर ही नफ़रत, हिंसा एवं असत्यता की लड़ाई जीती जा सकती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरीय बैंक प्रबंधक सुबोध कुमार ने कहा कि इप्टा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम से समाज में व्यापक बदलाव होगा व स्कूली बच्चे बापू के सपनों का भारत बनाने में अपने कौशल का विकास करेंगे। विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इंसान से इंसान के बीच भाईचारा कायम करना ही बापू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# हरिनाथ संकीर्तन रसामृत महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के पाली पंचायत अंतर्गत ओखरिया गांव में लगातार 26 वां वर्ष श्री श्री हरिनाथ संकीर्तन रसामृत महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। समस्त ग्रामीणों के सौजन्य से आयोजित कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं एवं श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा गांव स्थित यज्ञ मंडप से निकल कर सम्पूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए देवनगढ़ गढ़वा पर स्थित मंदिर के पास पहुंचा। जहां विधिवत जल भराई के बाद पुनः यज्ञ मण्डप पर पहुंचा। यज्ञ मण्डप में कलश स्थापन के बाद पंडित कुन्दन पांडेय के देखरेख में पूजा अर्चना शुरू की गई। आयोजनकर्ताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार



को अखण्ड हरिनाम संकल्प शुरू होगा, जो 24 घण्टे तक चलेगा। यज्ञ को लेकर गांव सहित आस-पास के क्षेत्रों का माहौल भक्तिमय हो गया है। यज्ञ को सफल बनाने में पंकज सिंह, सुबोध सिंह, रामाश्रय सिंह, राजकुमार यादव,महेश सिंह, रामवृक्ष सिंह, श्रवण पासवान, विनय कुमार, निशीकांत कुमार आदि जोर शोर से लगे हुए हैं।

# मांगों को लेकर पकरीबरावां में सर्वदलीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित डाकबंगला परिसर में शुक्रवार को जन चेतना सह विकास समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सचिव महेंद्र प्रसाद शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन राजेंद्र पासवान ने किया। बैठक में क्षेत्र के सामाजिक, प्रशासनिक एवं विकास से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। बैठक का मुख्य मुद्दा पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिलाना रहा। कहा गया कि अनुमंडल का दर्जा नहीं मिलने के कारण आम लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए नवादा जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। समिति के सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा नहीं दिया



जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। नवादा से झाझा तक पकरीबरावां होते हुए प्रस्तावित रेलवे लाइन निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। बताया गया कि यह रेलवे परियोजना वर्ष 2008-09 के बजट में तत्कालीन सांसद के माध्यम से स्वीकृत की गई थी, लेकिन आज तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। यदि यह रेलवे लाइन बनती है तो क्षेत्र के लोगों को रोजगार, व्यापार और आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा पकरीबरावां को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग भी बैठक में रखी गई। समिति का कहना है कि क्षेत्र का लगातार शहरीकरण हो रहा है, लेकिन अभी भी ग्रामीण व्यवस्था के तहत प्रशासनिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे विकास बाधित हो रहा है। वर्षों से लंबित अपर सकरी जलाशय योजना के निर्माण की मांग भी उठी। वक्ताओं ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने से किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही पकरीबरावां में स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर की पढ़ाई की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई, ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। समिति ने पकरीबरावां में एक आधुनिक मॉडल अस्पताल के निर्माण की मांग की, जिससे लोगों को बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर मिल सके। बैठक के बाद बिहार के मुख्यमंत्री के नाम से प्रखंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही जन चेतना सह विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में डोला गांव निवासी कमलेश सिंह को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर गुलनी पंचायत के मुखिया मनोज चौरसिया, राजद के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद, दिलीप कुमार रंजन, प्रमोद यादव, राजीव कुमार, अशोक पासवान, सुधीर यादव, डिंपल सिंह, कुलदीप यादव, पप्पू सिंह, दामोदर यादव, सुदामा चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

# अपने अधिकारों एवं सुरक्षा को लेकर महिलाएं अब जागरूक : पिंकी कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** स्थानीय जिला अतिथि गृह में बिहार राज्य महिला आयोग की सदस्य श्यामा सिंह, पिंकी कुमारी एवं साधना देवी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता आयोजित कर महिलाओं एवं बेटियों के अधिकार एवं सुरक्षा को लेकर कहा कि पहले की अपेक्षा महिलाएं अब जागरूक हो गई है। अत्याचार और जुल्म के विरुद्ध निसंकोच तरीके से आवाज उठा रही है। बिहार महिला आयोग की सदस्य पिंकी कुमारी ने पटना में नीट छात्रा की हुई मौत पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि यह जघन्य अपराध है। इस घटना की एसआईटी गठित कर जांच की प्रक्रिया चल रही है जो भी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे उन्हें बख़्शा नहीं जाएगा। यह हृदय विदारक घटना है। इस घटना की महिला आयोग तीव्र निंदा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नारी और बेटियों के सुरक्षा के प्रति संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान के लिए कई तरह के योजनाएं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। जिले में महिला उत्पीड़न और हिंसा से न्याय दिलाने के लिए कलेक्ट्रेट में वन स्टॉप सेंटर संचालित है जहां पर महिलाएं घरेलू हिंसा के विरुद्ध शिकायत कर सकती है। वन स्टॉप सेंटर में पति-पत्नी के विवाद को काफी सजगता के साथ सुलझाया जाता है।

आयोग की सदस्य श्यामा सिंह ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा से ही समाज सशक्त और खुशहाल हो सकता है। सरकार की ओर से नारी सशक्तिकरण के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। महिला आयोग नारियों के उत्थान और कल्याण के लिए जिले में छात्रावास और कॉलेजों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा ले रही है। महिलाओं की जो भी समस्याएं हैं सरकार के पास रखने का काम महिला आयोग करती है। महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम में 270 मामले आए जिनमें से सदस्यों ने 235 मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया है। शेष 35 मामलों की सुनवाई सुरक्षित रखा गया है। वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी ने महिला आयोग के सदस्यों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया है। प्रेस वार्ता के उपरांत महिला आयोग के सदस्यों ने शहर के दुर्वे स्थित अंबेडकर छात्रावास एवं रहीम विगहा स्थित कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## अलग-अलग मामलों में दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया जिले के कोंच थाना पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने कांड संख्या 22/26 के तहत चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई विभा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ नेहोरा गांव में छापेमारी कर शिवानी चौहान उर्फ जितेंद्र चौहान को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस की रडार पर था। वहीं, शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के क्रम में कांड संख्या 23/26 के तहत धरहरा निवासी भीम चौधरी को गिरफ्तार किया गया। एसआई सुरेश कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान आरोपी के घर से दो लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई।

## प्रखंड सभागार में आयोजित जनता दरबार में 11 मामलों की सुनवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शुक्रवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद की अध्यक्षता में किया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित और पारदर्शी समाधान करना था। इस दौरान विभिन्न पंचायतों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनता दरबार में कुल 11 मामले दर्ज किए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 6 मामले प्रमुख रहे जिनमें लाभार्थियों ने आवास स्वीकृति, लंबित भुगतान एवं सूची में नाम जोड़ने से जुड़ी शिकायतें रखीं। वहीं अंचल से संबंधित 4 मामले सामने आए जिनमें भूमि विवाद, दाखिल-खारिज और राजस्व से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। इसके अलावा बैंक से संबंधित 1 मामला भी प्रस्तुत किया गया जिसमें लाभार्थी ने ऋण और खाते से जुड़ी परेशानी बताई।

मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया जबकि शेष मामलों में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। जनता दरबार में सभी विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**अरवल/पटना।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में 'विकसित भारत 2047' विषय पर आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का समापन समारोह मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी, अरवल, अमृषा बैंस की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने युवाओं को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशलों का विकास करने, शिक्षा के साथ अनुशासन और नवाचार को अपनाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि बचपन में रखी गई मजबूत नींव ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनती है। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि यह जागरूकता अभियान केवल सूचनाओं के प्रसार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता, सहभागिता और उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सही, सरल और सुलभ जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने नागरिकों से सरकारी योजनाओं को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आहवान किया।

## कोंच में जनता दरबार आयोजित, भूमि विवाद व आवास मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड स्थित इ-किसान भवन के सभागार में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मुकेश कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से की। आयोजित इस जनता दरबार में स्थानीय ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम में प्रखंड एवं अंचल के लगभग सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ताकि समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जनता दरबार में सर्वाधिक आवेदन भूमि विवाद, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), परिमार्जन एवं जमीन की मापी से संबंधित प्राप्त हुए। अंचलाधिकारी ने भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि मामलों की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रामीण आवास से जुड़े कई मामले भी सामने आए। ग्रामीणों ने आवास की किस्त भुगतान एवं सूची में नाम जोड़ने संबंधी शिकायतें रखीं। प्राप्त कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया जबकि जटिल मामलों के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सत्य और अहिंसा के प्रति नैतिक दायित्व की याद दिलाता है शहादत दिवस : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में श्रद्धा, संकल्प और मौन के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश का संदेश प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि यह दिन केवल एक महान आत्मा के बलिदान की स्मृति नहीं है, बल्कि सत्य, अहिंसा और मानवता के मूल्यों के प्रति हमारे नैतिक दायित्व का भी स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन गांधी के उस अमर संदेश को पुनः स्थापित करता है कि अहिंसा दुर्बलों का हथियार नहीं, बल्कि सत्य के प्रति अडिग रहने वाले सशक्त मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में जब समाज हिंसा, असहिष्णुता और स्वार्थ जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब गांधी के विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पार्पण और भजन गायन के साथ हुआ। 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' जैसे भजनों के माध्यम से गांधी की करुणा, समता और सेवाभाव की चेतना को स्मरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम वर्मा ने उपस्थित प्राध्यापकगण और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी केवल इतिहास की विभूति नहीं, बल्कि एक जीवंत विचारधारा हैं। उनके लिए सत्य और अहिंसा केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन का आचरण था। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बलिदान से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक समरसता, शांति और नैतिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया।

## रैयतों ने गुरुआ अंचल अधिकारी व कर्मचारियों पर दबंगई का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** अंचल कार्यालय में बीते मंगलवार को रघुनाथखाप गांव के किसान राजेश कुमार एवं मनीष कुमार ने अंचल अधिकारी तथा कार्यालय कर्मी सतपाल कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित किसानों का कहना है कि वे अपनी जमीन के परिमार्जन से संबंधित कार्य को लेकर पिछले कई महीनों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। किसानों के अनुसार मंगलवार को जब वे परिमार्जन कार्य के लिए अंचल कार्यालय पहुंचे तो संबंधित कर्मचारी द्वारा उनसे रुपये की मांग की गई जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया तो उनके साथ कथित तौर पर दबंगई की गई। आरोप है कि विरोध करने पर अंचल अधिकारी ने पुलिस को बुलाकर कर्मचारी से बदसलूकी का आरोप लगाते हुए उन्हें जेल भेजने का प्रयास किया और कई घंटों तक थाने में बैठाए रखा। पीड़ित किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में जब अंचल कार्यालय के कर्मचारी सतपाल कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना को लेकर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। उन्होंने परिमार्जन के बदले रुपये मांगने के आरोप को सिरे से खारिज किया है।

## महात्मा गांधी ने देश की आजादी की लड़ाई में निभाई निर्णायक भूमिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यालय में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जानता पार्टी के नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता सहित अन्य ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही बापू के त्याग, सत्य और अहिंसा के आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में दो मिनट के मौन के साथ सभी लोगों ने राष्ट्रपिता को नमन किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी की लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभाई। सत्य, अहिंसा और सविनय अवज्ञा जैसे आंदोलनों के माध्यम से उन्होंने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी और देशवासियों को आत्मसम्मान के साथ संघर्ष करना सिखाया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि बापू का जीवन सादगी, संयम और नैतिकता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने स्वयं साधारण जीवन अपनाकर अंग्रेजों की शक्तिशाली सत्ता को चुनौती दी और करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। गांधी जी का विश्वास था कि नैतिक बल, हिंसा से कहीं अधिक शक्तिशाली होता है और यही संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज में शांति, सद्भाव तथा सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर संतोष ठाकुर, मिराज अहमद, राजू मिश्रा, राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग, संतोष कुमार, सुनील मिश्रा, डॉ अशोक, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, औरंगाबाद**
(बिहार शिक्षा परियोजना, कार्यालय)
गायत्री नगर, गायत्री मंदिर के पीछे, औरंगाबाद
(e-mail : ssa.aurangabad@gmail.com) (www.bepssaaurangabad.org)

शिक्षा का अधिकार — सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें

**अल्पकालीन निविदा**

बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के अन्तर्गत संचालित 14 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आवर्ती एवं अनावर्ती मद अन्तर्गत **01. भोजन की सामग्री 02. लेखन सामग्री 03. दैनिक उपयोग की सामग्री 04. पोशाक की सामग्री, 05. फर्नीचर सामग्री, 06. इलेक्ट्रानिक्स सामग्री** की आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता/थोक दूकानदारों से मुहरबंद द्वि–लिफाफा पद्धति में जिला स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त सभी पैकेज के लिए पृथक–पृथक पैकेटों में सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के लिए अलग–अलग निविदा जमा करनी होगी। इच्छुक निविदादाता **विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21वें कार्य दिवस तक (अपराह्न 05:00 बजे तक) तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे** में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, बिहार शिक्षा परियोजना, गायत्री नगर, गायत्री मंदिर के पीछे, जिला औरंगाबाद के पते पर भेज सकते है। **लिफाफे के उपर तकनीकी/वित्तीय निविदा, निविदित के0जी0बी0वी का नाम, के0जी0बी0भी0 का टाईप, पैकेज संख्या एवं निविदादाता का मोबाईल नम्बर लिखा जाना अनिवार्य है।** किसी भी स्थिति में **कुरियर के माध्यम से या हाथों–हांथ भेजी गयी निविदा स्वीकार नहीं की जायगी।** क्रय किये जाने वाले सामग्रियों की सूची तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के शर्ते से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला स्तरीय कार्यालय के विभागियों वेबसाइट (www.bepssaaurangabad.org) एवं NIC Aurangabad के वेबसाइट पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है एवं जिला स्तरीय कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा प्रकाशन के उपरांत निविदा खोलने की सूचना विभागीय वेबसाइट (www.bepssaaurangabad.org) पर प्रकाशित की जायेगी।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा० शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान,
–सह–सदस्य सचिव,
जिला क्रय समिति, औरंगाबाद

PR. No. 022928 (B&C) 2025-26

उप विकास आयुक्त,
–सह–अध्यक्ष,
जिला क्रय समिति, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।


## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के सिद्धांतों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राधेश्याम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, राजस्व पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहादत दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि के तत्वावधान में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर निधि के सभा कक्ष में प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में शहादत दिवस मनाया गया जिसमें डॉ मुख्तारूल हक, समन्वयक, बचपन बचाओ आंदोलन, बिहार व झारखंड, कपिलेश्वर राम, अध्यक्ष, दलित अधिकार मंच, सत्येंद्र, बिहार लोक समिति, प्रो पिंकी पटेल आदि गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उक्त अवसर पर 'गांधी जी के अंतिम जन' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन माखन लाल दास, मंत्री, बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि ने किया।


**Govt. of Bihar**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**RCD, ROAD DIVISION NO. 1, AURANGABAD**
**Notice Inviting Quotation No. 03/2025-26**

Sealed quotation are invited from DPR Consultants for preparation of DPR. Detailed engineering design/drawing on the basis of detailed survey, investigation and soil test for construction of following proclamation Bridge Work in Aurangabad district.

| S.No. | Name of Bridge | Length (in m) | Rate (Per m) | | Amount (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | In Figure | In Word | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of H.L. RCC Bridge (2 x 16m) Over Adri River (Keshwar Bigha) in place of Old Causeway Bridge at 11 th Km (Ch 10+500) of Kharwara Road to Baluganj Via Kataiya Jiwa Bigha Malhara Road under RCD Road Division No. 1, Aurangabad For the year 2025-26. | 32.00 | | | |
| 2 | Construction of H.L. RCC Bridge(3 x 14m) Over Adri River in place of Old Slab Culvert at 1 st Km (Ch 0+870) of Obra Bel Barahi Road under RCD Road Division No. 1, Aurangabad For the year 2025-26. | 42.00 | | | |

The Consultant will have to prepare detailed project report including design, drawing, cost estimate as per Scheme guidelines and latest I.R.C. Code. The consultant shall also submit the detailed engineering drawing, design calculations and detailed working drawing. Rates of bridge will have to be explicitly quoted.

The quotations shall be received in the Office of **Superintending Engineer, Magadh Road Circle, Gaya/Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad, Assistant Engineer, Road Sub Division No. 1/2, Aurangabad** on **16.02.2026** upto **3:00** pm and shall be opened on the same day at **3:30** pm in the presence of quotationers or their authorized representative. Quotations will be opened on the prescribed time even if the quotationers or their representative do not appear.

The payment will be made after the sanction of project from competent authority and availability of fund for DPR Work.

Executive Engineer
RCD, Road Division No. 1
Aurangabad

PR- 022984 (RCD) 2025-26

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


## प्रखंड मुख्यालय में मनाई गई महात्मा गांधी का शहादत दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को महात्मा गांधी की शहादत दिवस मनाई गई। आचार्यकुल के सदस्यों एवं प्रबुद्धजनों ने सबसे पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद रघुपति राघव राजा राम भजन गया तथा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। संविधान प्रस्तावना स्थल और स्वतंत्रता सेनानी खुशियाल सिंह की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दरम्यान आचार्यकुल मंत्री कमला प्रसाद सिंह ने कहा कि आज हमारे देश के लोग गांधी और उनके विचार को भूलते जा रहे हैं, वहीं विदेशों में उनकी मान्यता बढ़ती जा रही है, यह खेद का विषय है। मौके पर जिला पार्षद डॉ पिंकी कुमारी, रामाश्रय प्रसाद सिंह, श्रीकान्त शरण शाही, महेश प्रसाद सिंह, रामदेव सिंह, दारा सिंह सहित अन्य लोग मौजद रहे।

## नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश, पीएमओ को भेजा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के ग्राम देवरा टोला तकिया (महादलित), वार्ड संख्या 13 में अब तक सार्वजनिक नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों व गलियों में जमा रहता है जिससे दुर्गंध, गंदगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण पंकज कुमार सहित अन्य लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार जिला व प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों डीएम, डीडीसी, बीडीओ और बीपीआरओ को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों के बीच विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। वहीं, उक्त स्थल के समीप करीब 100 फीट गहरा एक कुआं बिना ढक्कन के है, जो राहगीरों और छोटे बच्चों के लिए हमेशा खतरे का कारण बना हुआ है। लगातार उपेक्षा से आहत ग्रामीणों ने प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को ज्ञापन भेजकर उच्चस्तरीय जांच, नाली निर्माण और कुएं को सुरक्षित करने की मांग की है।

संपादकीय

# अजित पवार का जाना बड़ी क्षति

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस के दिग्गज नेता अजित पवार के विमान हादसे में असामयिक निधन न केवल महाराष्ट्र बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी बड़ी क्षति है। अजित पवार बुधवार सुबह अपने गृह नगर बारामती में जिला परिषद चुनाव के संदर्भ में आयोजित सभा को संबोधित करने के लिए एक निजी विमान से रवाना हुए थे कि लैंड करते समय हादसा हुआ और उस विमान में सवार अजित पवार सहित सभी पांचों लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि विमान के नीचे गिरते ही उसमें आग लग गई और विमान के टुकड़े-टुकड़े हो गए। अजित पवार के शव की पहचान भी उनकी घड़ी व कपड़ों से हो पाई। यह विमान हादसा कैसे हुआ, इस बारे में अभी अनुमान लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि विजिबिलिटी कम होने के कारण ऐसा हुआ। पायलट ने पहली बार लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। और दूसरी लैंडिंग के वक्त यह भयंकर हादसा हो गया। इस घटना के बाद कई विपक्षी नेताओं ने हादसे की जांच की मांग की है। हालांकि केन्द्रीय विमान एवं उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि एएआईबी इसकी जांच कर रही है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने अपने नेता के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। महाराष्ट्र सहित देश के अनेक नेताओं ने अजित पवार को हार्दिक श्रद्धांजलि दी है। इस दुर्घटना से पवार परिवार दुख से व्याकुल है। अजित पवार के चाचा और राजनीतिक गुरू शरद पवार भी बारामती पहुंच गए हैं। अजित पवार का अंतिम संस्कार गुरूवार को होगा। अजित पवार का जाना एक ऐसे नेता का जाना है, जिसे अपनी व्यावहारिक राजनीति, प्रशासनिक क्षमता और जमीनी पकड़ के लिए जाना जाता था। अजित पवार की विचारधारा में बहुत ज्यादा आस्था नहीं थी। वो मानते थे कि विकास के लिए सत्ता चाहिए और इसीलिए वो यथा संभव सत्ता के साथ ही रहे, फिर चाहे वो किसी भी पार्टी की क्यों न हो। इसके लिए उन्हें अपने चाचा शरद पवार से बगावत करनी पड़ी तो उन्होंने ऐसा करने में संकोच नहीं किया। अजित पवार के बारे में कहा जाता है कि अगर उन्होंने किसी काम के हां कह दिया तो उन्हें फिर याद दिलाने की जरूरत नहीं पड़ती थी। अपने कार्यकर्ताओं से उनका जीवंत संपर्क था। अजित ने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरूआत बारामती में सहकारिता से की थी। उन्हें शरद पवार का स्वाभाविक उत्तराधिकारी माना जाता था। बाद में महाराष्ट्र की बदली राजनीति के चलते उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाने में संकोच नहीं किया। खासकर 2019 से अजित दादा का राजनीतिक कॅरियर बहुत ही नाटकीय रहा। अपने चाचा से खुली बगावत कर उन्होंने देवेन्द्र फडणवीस को सीएम बनाने के साथ भाजपा से अप्रत्याशित गठबंधन कर खुद उपमुख्यमंत्री बन गए। लेकिन उन्होंने तीन दिन बाद इस्तीफा दे दिया और बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया। इससे फडणवीस को इस्तीफा देना पड़ा। इस फैसले से अटकलों का दौर शुरू हो गया और एनसीपी के भीतर वफादारी और महत्वाकांक्षा पर बहस तेज हो गई। उसके बाद शरद पवार और कांग्रेस के साथ उद्धव सरकार बनी। उद्धव सरकार में दादा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन जुलाई 2023 में उद्धव सरकार का पतन हो गया। दादा ने एक बार फिर अपने चाचा के खिलाफ विद्रोह किया। इससे उनकी पार्टी में विभाजन हो गया और वे बीजेपी-एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना सरकार में शामिल हो गए। 2024 के लोकसभा चुनाव नतीजों ने साबित कर दिया कि अजित की जमीनी पकड़ भारी है। विस चुनाव में भी उन्होंने 41 सीटें जीतीं। अजित पवार के जाने से राष्ट्रवादी कांग्रेस के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है।

# लोकतंत्र, अल्पसंख्यक और समानता के अवसर

**लोकतंत्र में यह अल्पसंख्यक का जहर सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है परंतु जातियों तक फैली हुई है। जिस गांव, नगर में जो जाति कम संख्या में हैं उनके साथ भी लोकतांत्रिक भेदभाव किया जाता है। स्थानीय प्रशासन जल्दी उन तक ना पहुंचती है ना ही उनके लिए कोई सरकारी सुविधा ही पहुँच पाती है। आज भी गांव में ग्राम प्रधान और पंचायती चुनाव में जो जातियां कम संख्या में है उनके व्यक्ति का चुनाव जीतना बहुत मुश्किल होता है। (सवर्ण जाति क़ो छोड़कर क्योंकि इनके पास सम्पत्ति के साथ - राजनीतिक अनुभव हैं)। हमारे जातीय व्यवस्था में आने वाले कुछ ऐसी जातियां हैं जिनकी संख्या ग्रामीण स्तर पर बहुत कम देखने को मिलती है। नाई, धोबी, कहार, कोल, निषाद ऐसी ही कुछ जातियां हैं जिनका प्रतिनिधित्व लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत कम देखने को मिलता है। यह कम संख्या में है तो राष्ट्रीय राजनीति से लेकर के ग्रामीण राजनीति तक में इन्हें उपेक्षा (राजनीतिक) की दृष्टि से देखा जाता है।**

**डॉ. संजीव कुमार**

भारतीय परिप्रेक्ष्य में अल्पसंख्यक से लोग सामान्य अर्थ मुस्लिम समुदाय ही समझते हैं, और सत्ता ने भी यही साबित करने का प्रयास किया हैं। परन्तु भारतीय राजनीति में धर्म के आधार पर मुस्लिमों के पश्चात् बौद्ध, ईसाई, सिख, पारसी एवं जैन भी अल्पसंख्यक ही हैं। मानव समाज की संरचना ऐसी हुई हैं जिसमें हमेशा बहुसंख्यक ही हावी रहे हैं, फिर चाहे वह राजतंत्र हो अथवा लोकतंत्र। लेकिन लोकतंत्र के तर्ज़ पर जब समाज की बुनियाद रखी गई तो यह प्रयास किया गया की एक ऐसी व्यवस्था निर्मित की जाएगी जिसमें सभी को समान अवसर तथा सम्मान प्राप्त होगा।

बांग्लादेश में आज सरकार स्थिर नहीं है वहां कई तरह के राजनीतिक उथल-पुथल मचे हुए हैं। धार्मिक उथल-पुथल भी उनमें से एक है। पिछले कुछ सप्ताह से लगातार भारतीय मीडिया में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं की हत्या पर राजनीति गर्म है। भारतीय राजनीति में वर्तमान की जो सत्ता है उनकी सत्ता की रीढ़ है हिंदुत्व, जाहिर है ऐसे में वे अपने देश में हो रहे तमाम हलचलों को दरकिनार कर वहां हो रहे हिंदुओं की हत्या पर जरूर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहेंगे और भला क्यों ना करें सामने पश्चिम बंगाल का चुनाव भी है। लेकिन हमारी भारतीय जनता यह क्यों भूल जा रही है कि वहां हिंदू अल्पसंख्यक है और भारत में मुस्लिम सहित अन्य धर्म। वहां सरकार स्थिर नहीं है परंतु हमारे यहां तो 12 साल से सरकार स्थिर है तो क्या यहां अल्पसंख्यकों पर कम जुल्म हो रहे हैं? अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता है इसी 25 दिसंबर को (क्रिसमस दिवस) कुछ हिंदू नवयुवकों ने हिसार और बरेली सहित कई चर्चो में जाकर ईसाइयों को परेशान करने का कार्य किया और उनके चर्च में जाकर हनुमान चालीसा पढ़ने लगे। बिहार के बोधगया में महात्मा बुद्ध के तीर्थस्थली पर भी अनेक हिंदुत्व के संगठनों ने इस वर्ष माहौल बिगड़ने का कार्य किया और वहां कब्जा करने का प्रयास किया जिसे लेकर देश और दुनिया भर



के बौद्धिष्टों को लामबंद होना पड़ा तब जाकर के प्रशासन ने इसकी जिम्मेदारी संभाली। आज प्राय देखने को मिल रहा है कि कुछ हिंदुत्व के तथा-कथित ठेकेदार मंदिर में कम चर्च और मदरसों में ज्यादा पूजा पाठ कर रहे हैं। कभी यह चर्च पर भगवा झंडा लगाने लगते हैं तो कभी मस्जिद पर। जुम्मा का नमाज यदि मुसलमान सड़क पर पढ़ने लगता है तो प्रशासन उस पर लाठी चार्ज करने लगती है। परंतु पूरे सावन के महीने में आधे भारत की सड़के आधी बंद कर दी जाती हैं तो इससे किसी क़ो कोई तकलीफ नहीं होती। नेता खुलेआम मुल्ला कहते हैं, भाषणों में गालियां देते हैं पर उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती। क्योंकि सरकार (हिंदुत्व के एजेंडे वाली) को पता है कि उनकी सत्ता उनके बगैर भी बन सकती है, इसलिए इनके लिए कोई नियम कोई संविधान मायने नहीं रखता। सारा खेल लोकतांत्रिक सत्ता का है। हमें यह तो दिखाई देता है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान में हिंदुओं को परेशान किया जा रहा है पर हमें यह क्यों नहीं दिखाई देता कि हमारे देश में अल्पसंख्यकों को परेशान किया जा रहा है? इसका एक ही अर्थ है कि इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में जो जहां अल्पसंख्यक है उनकी स्थिति नरकीय है। मुस्लिम बड़ी संख्या में हैं इसलिए उन पर हमला ज्यादा हैं पर जो छोटे अल्पसंख्यक है अब वें भी सुरक्षित नहीं है। कभी उन्हें विदेशी धर्म होने का ताना देकर मारा जा रहा है तो कभी पराया धर्म बोलकर पीटा जा रहा हैं। खुद के लिए तो घर वापसी के नाम पर बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं लेकिन दूसरे धर्म के लोग यदि धार्मिक आयोजन करते हैं तो उन्हें धर्म परिवर्तन के नाम पर परेशान किया जा रहा है।

लोकतंत्र में यह अल्पसंख्यक का जहर सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है परंतु जातियों तक फैली हुई है। जिस गांव, नगर में जो जाति कम संख्या में हैं उनके साथ भी लोकतांत्रिक भेदभाव किया जाता है। स्थानीय प्रशासन जल्दी उन तक ना पहुंचती है ना ही उनके लिए कोई सरकारी सुविधा ही पहुँच पाती है। आज भी गांव में ग्राम प्रधान और पंचायती चुनाव में जो जातियां कम संख्या में है उनके व्यक्ति का चुनाव जीतना बहुत मुश्किल होता है। (सवर्ण जाति क़ो छोड़कर क्योंकि इनके पास सम्पत्ति के साथ - राजनीतिक अनुभव हैं)। हमारे जातीय व्यवस्था में आने वाले कुछ ऐसी जातियां हैं जिनकी संख्या ग्रामीण स्तर पर बहुत कम देखने को मिलती है। नाई, धोबी, कहार, कोल, निषाद ऐसी ही कुछ जातियां हैं जिनका प्रतिनिधित्व लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत कम देखने को मिलता है। यह कम संख्या में है तो राष्ट्रीय राजनीति से लेकर के ग्रामीण राजनीति तक में इन्हें उपेक्षा (राजनीतिक) की दृष्टि से देखा जाता है। सत्ता के माहिर लोग उन जातियों के आगे पीछे घूमते हैं जिनकी संख्या भारी होती है। वे जानते हैं कि इन वोटों से उनकी सत्ता बदल सकती है, इसलिए ज्यादा संख्या वाली जातियां लोकतांत्रिक व्यवस्था में ज्यादा मायने रखती है। नतीजन इनकी गलियों में सरकारी सुविधा या तो पहुंचती ही नहीं है यह तो बहुत देर से पहुंचती है। इनके लिए रोजगार, आवास, शिक्षा और सामाजिक विकास की बातें यदा-कदा ही देखने को मिलती है। आज भी जब ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत का चुनाव होता है तो यदि उस गांव में दलितों की संख्या अपेक्षाकृत कम है तो उन्हें गांव की संभ्रान्त जातियां मिलकर चुनाव लड़ाती है और जीतने के बाद उसे रबर स्टैंप के रूप में प्रयोग करते है।

अब लौटते है उस अल्पसंख्यक समाज पर जिसे गाली देकर ही वर्तमान सरकार सत्ता में बनी हुई है।दिल्ली के एक मेरे अच्छे मित्र जो एक मुस्लिम अल्पसंख्यक है उनसे मैंने पूछा कि वह अपने समाज को इस लोकतंत्र में कहां पाते हैं तो उन्होंने कहा कि हम राजनीतिक रूप से इस देश में कभी भी सत्ता नहीं प्राप्त कर सकते। उनका अभिप्राय प्रधानमंत्री पद से था। क्योंकि हमारे देश में सत्ता की ताकत प्रधानमंत्री के ही हाथों में होती है, राष्ट्रपति का पद तो बस एक औपचारिक भर रह गया है। उनका कहना था कि हो सकता है एक बार दलित इस देश का प्रधानमंत्री बन जाए पर मुस्लिम को कभी भी प्रधानमंत्री बनने नहीं दिया जाएगा क्योंकि उसे हमेशा अपने देशभक्त होने का सबूत पेश करना पड़ता है। इस देश में सिख, जैन, इसाई सभी प्रधानमंत्री बन सकते है जबकि मतदान के प्रतिशत से यह अन्य मुस्लिमों से कही कम है। क्योंकि यहां मुस्लिम पढ़े तो दिक्कत है लड़े तो दिक्कत है। शायद इसी हताशा के कारण कभी-कभी कुछ बच्चे बड़ी गलतियां कर जाते हैं, लेकिन वह भूल जाते हैं कि ऐसी गलतियां दूसरों को माफ है परन्तु उन्हें नहीं।

तो सवाल अब यह उठता है कि देश के 77 वें गणतंत्र दिवस में पहुँच जाने पर हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था में इन सवालों का क्या जवाब है। क्या हम एक ऐसी व्यवस्था धरातल पर नहीं ला सकते जिसमें सभी वर्ग के उपेक्षित जातियों,धार्मिक अल्पसंख्यको के बगैर सरकार बनना मुश्किल हो ताकि कोई लोकतांत्रिक पद पर बैठा हुआ व्यक्ति यह कहने की जुर्रत ना कर सके कि हमें तुम्हारे वोट की जरूरत नहीं। और अगर ऐसा कोई कहता है तों मैं समझता हूं कि हमारा गणतंत्र अभी अधूरा है।

अध्यात्म

## संत की राजा को सीख



किसी व्यक्ति की सुख-सुविधा देखकर यह तय नहीं किया जा सकता कि उसका जीवन वास्तव में सुखी है या नहीं। ये बात एक लोक कथा से सीख सकते हैं। कथा के अनुसार पुराने समय में एक राजा था, उसके पास अपार धन-संपदा, विशाल सेना और भव्य महल जैसी सभी सुख-सुविधाएं थीं। राजा अपनी संपत्ति और शक्ति पर बहुत घमंड करता था। वह सोचता था कि यही सब उसे सबसे अधिक सुखी बनाता है।

एक दिन उसके राज्य में एक संत आए। संत की सादगी और उपदेश सुनने के लिए लोग दूर-दूर से आने लगे। उनकी बातें लोगों को शांति देती थीं। जब राजा को यह बात पता चली, तो उसने संत को अपने महल में आमंत्रित किया। राजा ने संत का पूरे आदर-सत्कार के साथ स्वागत किया और उनके लिए भोजन की व्यवस्था की।

भोजन के बाद, राजा ने संत से कहा कि गुरुदेव, मेरे पास जीवन की सभी सुविधाएं हैं। आप जो चाहें मुझसे मांग सकते हैं। मैं आपको वही सुख प्रदान कर सकता हूं जो मुझे मिला है।

संत ने शांतिपूर्वक उत्तर दिया कि राजन, मैं अपने जीवन से संतुष्ट हूं। मेरी आवश्यकताएं बहुत कम हैं और मेरा मन हमेशा शांत रहता है। संसार में सबसे सुखी वही व्यक्ति होता है, जिसका अंतिम समय भी सुखी होता है।

राजा यह सुनकर क्रोधित हो गया और संत को महल से बाहर भेज दिया। कुछ दिनों बाद, राजा के राज्य पर शत्रुओं ने आक्रमण कर दिया। युद्ध में उसकी सेना हार गई और राजा को बंदी बना लिया गया। मृत्यु की घड़ी उसके सामने थी।

इस कठिन समय में राजा को संत की बात याद आई कि संसार में सबसे सुखी वही व्यक्ति होता है, जिसका अंतिम समय भी सुखी होता है। तभी वही संत वहां पहुंचे, जहां राजा को बंदी बनाकर रखा था। बंदी राजा ने संत को देखते ही, उनके चरण पकड़ लिए और अपनी गलती क्षमा मांगने लगा। संत ने राजा को क्षमा कर दिया। संत के कहने पर शत्रु राजा ने बंदी राजा को छोड़ दिया। इस घटना के बाद राजा ने अहंकार त्याग दिया।

# 'वाइन पर्यटन' या उपभोग का उत्सव?

**प्याज, लहसुन और फूलों समेत सब्जियों के लिए ख्यात नासिक अब वाइन उद्योग को बढ़ावा देने में लगा है, लेकिन क्या यह बाजार के अलावा व्यापक समाज के लिए भी मुनासिब होगा? अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने यही गलती तम्बाकू के साथ की थी जहां आम लोग एक किलो खाद्यान्न पर एक सिगरेट को प्राथमिकता देने लगे थे। क्या वाइन उद्योग भी नासिक इलाके में यही करेंगे? महाराष्ट्र के नासिक ज़िले की सह्याद्रि पहाड़ियों में फैले 'वाइन यार्ड' आज एक ऐसे पर्यटन मॉडल का प्रतीक बन चुके हैं, जिसे आकर्षक शब्दों में 'वाइन टूरिज़्म' कहा जाता है। चमकदार ब्रांडिंग, दूर-दूर तक फैले अंगूर के बागान, टेस्टिंग रूम, कैफे, संगीत, खुले लॉन और फ़ोटो-स्पॉट - यह पूरा परिदृश्य किसी सामान्य पारिवारिक सैरगाह जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इस आकर्षक दृश्य के पीछे एक चिंताजनक सामाजिक-सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय कहानी छिपी है, जिसे पर्यटन के उत्साह में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।**

**कुमार सिद्धार्थ**

पिछले दिनों हमें उस 'सूला वाइन यार्ड्स' का भ्रमण करने का अवसर मिला जिसे 'वाइन पर्यटन' का अग्रदूत माना जाता है। यहाँ आने वाले पर्यटक वाइन बनाने की प्रक्रिया देखने के साथ-साथ उसे चखते हैं, स्वाद लेते हैं, बोतलें खरीदते हैं और तथाकथित 'लाइफ़ स्टाइल अनुभव' का हिस्सा बनते हैं। यही मॉडल अब नासिक और आसपास के क्षेत्रों में अन्य वाइन ब्रांड्स द्वारा भी अपनाया जा रहा है। उनमें 'सोमा वाइन विलेज,' 'यॉर्क वाइनरी,' 'ग्रोवर ज़म्पा वाइन यार्ड्स,' 'शैन्डन इंडिया,' 'चंदन भारत,' 'फ्रेटेली वाइन,' 'वैलोनवाइन यार्ड्स,' 'इंडेजवाइन यार्ड्स' आदि उल्लेखनीय हैं। इन सभी परिसरों में शराब को केवल एक उत्पाद के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिकता, आनंद और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

यूं तो पर्यटन का उद्देश्य किसी स्थान की संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और वहाँ के लोगों से जुड़ना होता है, लेकिन 'वाइन पर्यटन' का मौजूदा स्वरूप इससे अलग दिशा में जाता दिखता है। यहाँ स्थानीय ग्रामीण जीवन, किसानों की वास्तविक परिस्थितियाँ और क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति हाशिये पर चली जाती है। केंद्र में रहता है ब्रांड, बाज़ार और प्रदर्शन। यह ऐसा पर्यटन है, जिसमें आनंद उपभोग से तय होता है। भारतीय समाज की सामूहिकता, सादगी और संयम की परंपरा इस मॉडल से सीधे टकराती है।

नासिक को भारत की 'वाइन कैपिटल' कहा जाता है। अनुकूल जलवायु, सह्याद्रि की ढलानें और दशकों से विकसित अंगूर की खेती ने यहाँ वाइन उद्योग को तेज़ी से पनपने का अवसर दिया है। अनुमान है कि भारत में लगभग 70-80 वाइनरी हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक महाराष्ट्र में हैं और इनका बड़ा हिस्सा नासिक क्षेत्र में केंद्रित है। नासिक, सांगली, सोलापुर (आकलूज) और पुणे जैसे इलाकों को मिलाकर लगभग 45-50 वाइनरी सक्रिय या अर्ध-सक्रिय मानी जाती हैं। सरकारी नीतियाँ, निर्यात की संभावनाएँ और पर्यटन इस विस्तार को लगातार गति दे रहे हैं, लेकिन यह विस्तार केवल आर्थिक अवसर नहीं लाता; इसके साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ते हैं।

भारत विश्व के प्रमुख अंगूर उत्पादक देशों में शामिल है। देश में हर वर्ष लगभग 30-32 लाख टन अंगूर का उत्पादन होता है, जिसमें 55-60 प्रतिशत हिस्सेदारी महाराष्ट्र की है। नासिक अकेले भारत के कुल अंगूर उत्पादन का लगभग एक तिहाई - करीब 9-11 लाख टन - पैदा करता है। यह उत्पादन लगभग 1.4 -1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खेती से आता है। नासिक के अंगूर तीन प्रमुख तरीकों से उपयोग किए जाते हैं - ताज़ा फल के रूप में घरेलू बाज़ार, यूरोप और मध्य-पूर्व के लिए निर्यात और वाइन उद्योग के लिए कच्चा माल। वाइन में उपयोग होने वाला अंगूर मात्रा में भले ही कुल उत्पादन का 8-12 प्रतिशत हो, लेकिन जल, भूमि और रसायनों की खपत के लिहाज़ से इसका प्रभाव कहीं अधिक है।




अंगूर की खेती में खूब पानी लगता है। ड्रिप सिंचाई के बावजूद एक हेक्टेयर अंगूर के लिए एक मौसम में औसतन 50-60 लाख लीटर पानी की आवश्यकता पड़ती है। एक लीटर वाइन के उत्पादन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 600-650 लीटर पानी का उपयोग होता है। नासिक जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्र में यह मांग सीधे भूजल दोहन को बढ़ाती है। पिछले वर्षों में कई इलाकों का भूजल स्तर 10-20 मीटर से गिरकर 25-40 मीटर या उससे भी नीचे चला गया है। इसका सीधा असर छोटे, सीमांत किसानों तथा ग्रामीण पेयजल पर पड़ता है, जबकि बड़ी वाइन कंपनियां पानी पर पकड़ बनाए रखती हैं। अंगूर उत्पादन केवल कृषि विकास का आँकड़ा भर नहीं रह जाता, बल्कि वह जल-संकट, भूजल दोहन और कृषि नीति की बहस के केंद्र में आ जाता है।

वाइन उद्योग ने भूमि उपयोग के स्वरूप को भी बदला है। मिश्रित खेती और जैव-विविधता वाली ज़मीनें एक-रूपी अंगूर बागानों में बदल रही हैं। अंगूर की व्यावसायिक खेती में कीटनाशकों और फफूंद नाशकों का नियमित प्रयोग होता है, जिससे मिट्टी और भूजल में रासायनिक अवशेषों का खतरा बढ़ता है। किण्वन, सफ़ाई और बोतलबंदी से निकलने वाला अपशिष्ट जल यदि पूरी तरह शुद्ध न किया जाए, तो आसपास के खेतों और जलस्त्रोतों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है।

भारतीय समाज में लंबे समय तक शराब को सीमित, निजी और कई बार वर्जित व्यवहार के रूप में देखा गया, लेकिन 'वाइन पर्यटन' इस दृष्टि को बदल रहा है। खुले, सुंदर और उत्सवी माहौल में मद्य-सेवन उसे सामान्य और स्वीकार्य बनाता है। शराब को 'सभ्य', 'सुरक्षित' और 'फ़ैमिली-फ्रेंडली' बताकर प्रस्तुत करना उपभोक्तावादी संस्कृति की सुनियोजित रणनीति है, जिसमें बाज़ार यह तय करता है कि आधुनिकता का अर्थ क्या होगा। इस मॉडल का मुख्य लक्ष्य शहरी मध्यम वर्ग है जो अनुभव-आधारित उपभोग, स्टेटस और आधुनिकता की आकांक्षाओं से संचालित होता है। सप्ताहांतों और छुट्टियों में हजारों परिवारों और बच्चों की मौजूदगी इस मॉडल को वैधता देती है और शराब को 'सामान्य पारिवारिक अनुभव' के रूप में स्थापित करती है।

वाइन परिसरों में सबसे चिंताजनक दृश्य बच्चों की निर्बाध मौजूदगी है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों को वाइन-टेस्टिंग करते, बोतलें खरीदते और शराब को उत्सव से जोड़ते देखते हैं। बचपन में देखे गए अनुभव ही मूल्यबोध की नींव रखते हैं। इस तरह शराब एक प्रकार के सांस्कृतिक प्रशिक्षण का हिस्सा बन जाती है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों में दिखाई देगा। यह केवल नैतिक प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का मुद्दा है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि राज्य, प्रशासन और समाज इस बदलाव को मौन स्वीकृति दे रहे हैं। राजस्व और पर्यटन के नाम पर शराब-केंद्रित स्थलों को बढ़ावा देना आसान विकल्प बन गया है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संतुलन और बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों पर गंभीर बहस लगभग अनुपस्थित है। यह चुप्पी ही सबसे बड़ा संकट है, क्योंकि सामाजिक मूल्य बिना किसी सार्वजनिक संवाद के बदलते चले जाते हैं।

असल सवाल यह है कि हम किस तरह का समाज गढ़ रहे हैं? क्या हम अपनी अगली पीढ़ी को यह सिखाना चाहते हैं कि आनंद, आधुनिकता और सामाजिक स्वीकृति का रास्ता मद्यपान से होकर गुजरता है? यदि वाइन पर्यटन को रोका नहीं जा सकता, तो यह मायावी पर्यटन भारतीय समाज को धीरे-धीरे उपभोग-प्रधान और संवेदनहीन संस्कृति की ओर धकेल देगा, जिसकी कीमत आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
स्वयं द्वारा बनाये हुये नियमों और सिद्धान्तों की स्वतः अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन सम्बन्धी परेशानियों से घिरे रहेंगे।

**वृषभ**
आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय को लेकर बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं।

**मिथुन**
अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिये परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा। पाचन तन्त्र में कुछ परेशानी हो सकती है।

**कर्क**
व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिये। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी।

**सिंह**
सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में नये विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा।

**कन्या**
सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सन्तान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी।

**तुला**
विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त नौकरी करने की योजना बनायेंगे। निःसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी। आप कला में रुचि ले सकते हैं। नये दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।

**मकर**
यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। महत्वपूर्ण वस्तुओं को सम्भालकर रखें। नकदी की समस्या दूर होने की सम्भावना है।

**कुंभ**
परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें।

**मीन**
आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। अपनी उपलब्धियों का अधिक बखान न करें। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। रात के समय सड़क यात्रा करने से बचें।

# राज्य सरकार उद्योगों के अनुकूल वातावरण निर्माण हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन और रोजगार सृजन को नई दिशा देने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में व्यापार सुगमता के अंतर्गत जिला व्यापार सुधार कार्ययोजना–2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उद्योग संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला व्यापार सुधार कार्ययोजना–2025, बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति–2016, बिहार नवउद्यम नीति–2022, बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज–2025, औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, एक जिला–एक उत्पाद योजना सहित उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के अनुकूल वातावरण निर्माण हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

निवेशकों और उद्यमियों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उद्योग संवाद जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल निवेश को प्रोत्साहित करना है, बल्कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान कर स्थानीय स्तर पर औद्योगिक विकास को गति देना भी है। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिले का एक जिला–एक उत्पाद स्ट्रॉबेरी है, जिसकी खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। इस पर जिला पदाधिकारी ने स्ट्रॉबेरी एवं अन्य कृषि उत्पादों से जैम, जेली, कैंडी, जूस आदि निर्माण हेतु खाद्य प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना के लिए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। संवाद के दौरान उद्यमियों ने कच्चे माल की उपलब्धता, औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी, विद्युत आपूर्ति, शीत भंडारण, आधुनिक तकनीक, ब्रांड निर्माण, पैकेजिंग तथा डिजिटल विपणन से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिला पदाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए व्यवसाय परामर्श समिति के गठन का आदेश दिया। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्रीमती अनन्या सिंह सहित जिले के वरीय पदाधिकारी, उद्योग विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों के संचालक उपस्थित रहे। यह संवाद स्पष्ट संकेत देता है कि औरंगाबाद जिला उद्योग, निवेश और नवाचार के लिए पूरी तरह तैयार है।

## स्प्रिट के साथ शराब बनाने के उपकरण बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। रिसियप थाना की पुलिस ने बुधवार की देर रात्रि गम्हरिया गांव के कदोखरी टोला के बधार से भारी मात्रा में स्प्रिट और शराब पैकिंग सामग्री बरामद की है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त गांव के बधार में शराब का गोरख धंधा चल रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए टीम गठित कर जब छापेमारी की गई। पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही धंधेबाज भाग कर समीप के गांव में चले गए और घनी आबादी का लाभ उठाकर भाग निकले। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान 80 लीटर स्प्रिट, एक शराब पैकिंग मशीन के साथ झारखंड प्रिंटेड एक हजार खाली बोतल खाली बोतल तथा 665 बोतल टनाका देसी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि धंधेबाजों को चिन्हित कर लिया गया है। मामले में पुलिस के स्वलिखित आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर बिहार राज्य मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# शहादत दिवस पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद**। शहादत दिवस के अवसर पर सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा aमहात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और त्याग का प्रतीक है, जिनके आदर्श आज भी समाज और देश को सही दिशा दिखाने में मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश प्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# ऑफलाइन - ऑनलाइन के चक्कर में जनता परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। सरकार भूमि अभिलेखों को डिजिटाइज और आधुनिक बनना चाहती है ताकि एक एकीकृत पारदर्शी और कुशल भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली स्थापित की जा सके। परंतु डिजिटाइजेशन के नाम पर कुटुंबा अंचल कर्मीयों की कार्य प्रणाली आम लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। जनप्रतिनिधियों ने बीडीसी की बैठक और जनता ने अंचल कार्यालय पर कई बार विरोध प्रदर्शन किया लेकिन न तो जनता की समस्याओं का निपटारा हुआ और न ही भ्रष्टाचार पर लगाम लग पाया। भ्रष्ट पदाधिकारियों एवं कर्मीयों पर कार्रवाई न होने के कारण जनता हार मान चुकी है। अब उन्होंने यह मान लिया है कि पैसे लेकर काम कर देने वाले पदाधिकारी ईमानदार होते हैं। इसलिए उन्होंने अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने से बेहतर चुपचाप समझौता करना स्वीकार कर लिया है। अंचल कार्यालय की एक और करामात सामने आई है जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। प्रखंड क्षेत्र में सरकार की कई बड़ी योजनाओं में भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसके लिए किसानों को कागजात की नकल निकालने की जरूरत पड़ रही है। लेकिन अंचल कर्मीयों का कहना है कि विभागीय आदेशानुसार 31 दिसंबर के बाद ऑफलाइन कागजातों की नकल नहीं दी जा रही है। सभी कागजातों को बिहार सरकार की ऑफिशल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जरूरत के अनुसार बिहार सरकार की वेबसाइट से उसे डाउनलोड किया जा सकता हैं। परंतु जब लोग ऑनलाइन रिकॉर्ड निकालने जा रहें हैं तो पता चल रहा है कि भूमि रिकॉर्ड की डिजिटल कॉपी स्कैन नहीं की गई है। जिसके कारण ऑनलाइन जानकारी प्राप्त नहीं हो सकती है। विभागीय आदेश और ऑनलाइन रिकॉर्ड का हवाला देकर पदाधिकारी किसानों को बरगला रहे हैं। कई मामलों में कोर्ट में परिवाद चल रहा है और किसानों को दस्तावेजों की जरूरत पड़ रही हैं। ऑफलाइन - ऑनलाइन के चक्कर में किसान किंकर्तव्यविमूढ़ है। इसके लिए वे सरकार को दोषी माने या अंचल कार्यालय को जवाबदेह ठहराया जाए।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश का विस्तार, आलोक सिंह बने प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के निर्देश पर बिहार प्रदेश संगठन का विस्तार किया गया है। इसके तहत दिनारा विधायक आलोक सिंह को राष्ट्रीय लोक मोर्चा, बिहार का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं प्रशांत पंकज एवं सुभाष चंद्रवंशी को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन में अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों के तहत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा हिमांशु पटेल को प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को हसपुरा प्रखंड राष्ट्रीय लोक मोर्चा कमेटी की ओर से हार्दिक बधाई दी गई। साथ ही संगठन विस्तार के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को भी बधाई एवं आभार व्यक्त किया गया। बधाई देने वालों में विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, नारायण चुन्नू शर्मा, पुष्पलता देवी, श्रीकांत प्रसाद, रामबली सिंह, बिजेंद्र सिंह, नंदकिशोर कुशवाहा, राजू कुमार वर्मा, राजेश कुमार, वेंकटेश शर्मा, अजय प्रसाद, बृज किशोर कुमार, सुरेश सिंह, रामजीत राम, रोशन कुमार, राकेश कुमार, उपेंद्र वर्मा, नागेंद्र कुमार, अरविंद चौधरी, जितेंद्र पासवान, सचिन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी : तान्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद**। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं आशा के अंतर्गत आज प्रभु कैलाश पॉलिटेक्निक कॉलेज सनथुआ में एक विशेष जागरूकता सह सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में समाज की दायित्व के संबंध में विस्तृत जानकारी लोगों को दी। साथ ही उनके द्वारा उपस्थित लोगों को कई उदाहरणों के माध्यम से समाज को बाल विवाह के विरूद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया। कहा कि बाल विवाह समाज बनाना न सिर्फ सरकार अथवा संस्थानों की दायित्व है, बल्कि यह समाज के हर तबके एवं लोगों का भी दायित्व है। क्योंकि बाल विवाह के उपरांत होने वाली समस्याओं से दो-चार हमारा समाज को ही होना पड़ता है।कार्यक्रम में अधिवक्ता सुबोध कुमार सिंह के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत रूपरेखा उपस्थित लोगों को दिया। बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में आवश्यक कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। अभिनंदन कुमार उप मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित लोगों छात्र-छात्राओं से मुखातिब होते हुये विभिन्न सम्बंधित कानूनों जिला विधिक सेवा प्राधिकार के स्तर से किये जाने वाले कार्यों के संबंध में और सोशल मीडिया की भूमिका के संबंध में विस्तृत परिचर्चा छात्रों के साथ किया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव नेहा कुमारी, संतोष कुमार के अलावा अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के द्वारा सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत कई स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्कूल, कॉलेज के साथ-साथ घर-घर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

**सं. 57 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.–29-डीडीयू–व०मं०इंजी०-1-25-26. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू डिवीजन में यांत्रिक विधि पर आधारित वर्स तकनीक का उपयोग करके एलडब्ल्यूआर/सीडब्ल्यूआर ट्रैक के लिए तनाव मुक्त तापमान के माप/निर्धारण के लिए विस्तारित परीक्षण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,27,65,604.00. **धरोहर राशि:** ₹ 2,13,800.00. **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 19.02.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in. नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
**पीआर/1716/डीडीयू/टी/25–26/36**


# विभिन्न प्रखंडों से प्रथम स्थान पर चयनित शिक्षण अधिगम सामग्री की प्रदर्शनी

## सम्राट अशोक भवन में जिलास्तरीय टीएलएम मेला 3.0 आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद**। औरंगाबाद स्थित सम्राट अशोक भवन में शुक्रवार को जिलास्तरीय टीएलएम मेला 3.0 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रखंडों से प्रथम स्थान पर चयनित शिक्षण अधिगम सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मेले में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने टीएलएम के साथ भाग लिया। प्रदर्शित टीएलएम कक्षा 1 से 5 तक के हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण और उर्दू विषयों से संबंधित थे। मेला का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अमृतेश आर्यन और एपीओ सर्वेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभा का संचालन चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन की नेहा कुमारी, प्रथम संस्था के राकेश कुमार गुप्ता और डायट दाउदनगर के व्याख्याता नवीन कुमार ने सभी स्टॉलों पर लगाए गए टीएलएम का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और विहित प्रपत्र में उनकी रेटिंग की। मूल्यांकन के बाद हिंदी विषय में बारुण की सोनल कुमारी गुप्ता, अंग्रेजी में औरंगाबाद के अंसारी शाहरुख, गणित में कुटुम्बा के सोमनाथ प्रसाद, पर्यावरण में नबीनगर की मंजू पांडेय और उर्दू में गोह की खुशबू परवीन के टीएलएम को प्रथम स्थान के लिए चयनित किया गया। उत्कृष्ट टीएलएम प्रस्तुत करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर चयनित उत्कृष्ट टीएलएम के साथ संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाएं राज्यस्तरीय टीएलएम मेला में भाग लेंगे। टीएलएम मेला में भाग लेने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में एपीओ सुरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, भावना कुमारी, शोभा तिवारी, मृदुला सिन्हा, प्रीतम कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, यशवंत कुमार सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट एवं मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ माह पूर्व पुरानी थाना रोड क्षेत्र में मारपीट की एक घटना हुई थी, जिसमें कई लोगों के साथ काजी विगहा गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र लालू उर्फ युवराज को आर्म्स एक्ट एवं मारपीट के मामले में नामजद अभियुक्त बनाया गया था। घटना के बाद से ही आरोपित फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए काजी विगहा पेट्रोल पंप के पास से उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपध्याय मंडल के निम्नवत स्टेशन पर स्थित पार्किंग स्टैंड का संचालन और रख रखाव के लिए ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:– **(1) AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** फेसर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या:** PARK-DDU-MIX-26. **ई–नीलामी लॉट संख्या:** PARKING DDU-PES-MX-11-26-1. **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 11.02.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(2) AB/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित प्रीमियम कार पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या:** PARK-DDU-MIX-26. **ई–नीलामी लॉट संख्या:** PARKING-DDU-DDU-PR-59-25-1. **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 11.02.2026 करे 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। वेबसाइट का पता जहां ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).**

**मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1715/डीडीयू/एन/25–26/40**


# अष्टभुजी महोत्सव के दूसरे दिन स्कूली बच्चों का कार्यक्रम व सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बारुण प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत अष्टभुजी महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत मां अष्टभुजी के षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना के साथ शुरू की गई।बारुण के प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में एवं प्रधानाध्यापक मंकु सिंह के संचालन में विद्यालयी बच्चों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राज्य महोत्सव संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, नवीनगर विधानसभा के राजद प्रत्याशी रहे आमोद चंद्रवंशी, शिक्षक ज्योति शंकर, बारुण के नगर पंचायत के चेयरमैन इंदू देवी, पौथू पंचायत के पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी,धनगाई के मुखिया योगेन्द्र चौधरी, समाजसेवी अजीत शर्मा सहित अन्य की गरिमामई उपस्थिति में विद्यालयी बच्चो का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मध्य विद्यालय मखरा की छात्रा निकी कुमारी एवं निधि कुमारी ने बेहतरीन प्रस्तुति दी।मध्य विद्यालय पिपरा की छात्रा अलका कुमारी के भाव नृत्य, माधुरी कुमारी,सोनम कुमारी,पायल कुमारी, रानी कुमारी, फूल कुमारी, माधुरी सोनाली कुमारी के सामूहिक नृत्य ने सबके हृदय को झंकृत किया। राधामोहन सिंह के सरस्वती वंदना पर लोग भाव विभोर हो गए। आमोद चंद्रवंशी ने कहा कि औरंगाबाद जिले मे छुटे अन्य जगहों पर भी महोत्सव का आयोजन किया जाना चाहिए। औरंगाबाद जिले को महोत्सव जिला घोषित किया जाए। महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद जिले में जितने भी धार्मिक स्थल हैं उन स्थलों को देश दुनिया में प्रचारित प्रसारित करने के लिए महोत्सव का आयोजन किया जाना चाहिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि महोत्सव के माध्यम से सामाजिक एवं धार्मिक जुड़ाव बढ़ जाता है।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर व्रत-उत्सव में पहलवानों के दंगल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



देव (औरंगाबाद)। ग्राम दधपा पंचायत के बसडीहा, थाना देव क्षेत्र स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में शुक्रवार (30 जनवरी 2026) को व्रत–उत्सव के अवसर पर भव्य पहलवान दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पारंपरिक अखाड़े में आयोजित इस प्रतियोगिता ने ग्रामीण खेल संस्कृति और जनसहभागिता की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की। कुश्ती प्रतियोगिता में अयोध्या के नागेंद्र दास पहलवान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। भरतपुर, राजस्थान के मोनू पहलवान द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अयोध्या के हनुमान गढ़ी निवासी रविदास जी पहलवान ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता पहलवानों को दुर्गा कमिटी के अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सौरभ पहलवान की ओर से सभी पहलवानों को अयोध्या मंदिर की प्रतीक मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दधपा, बहुआरा, बांसडीहा, आनंदपुरा, देव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। दंगल के साथ-साथ आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर उत्सव, खेल और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

# गंगोत्री नर्सिंग इंस्टीट्यूट सह बीएड कॉलेज के संस्थापक की पुण्यतिथि श्रद्धा और सेवा के साथ मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड के फतेगंज गांव स्थित गंगोत्री नर्सिंग इंस्टीट्यूट सह बीएड कॉलेज में शुक्रवार को कॉलेज के संस्थापक स्व. श्रवण कुमार की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक सेवा के भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समारोहपूर्वक किया गया, जिसमें शिक्षा, प्रशासन और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि सासाराम की विधायक स्नेहलता कुशवाहा, दाउदनगर एसडीएम अमित रंजन, हसपुरा प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी, गुंजन पटेल, पिंटू मेहता, राजीव कुमार उर्फ बबलू कुमार सहित अन्य अतिथियों ने स्व. श्रवण कुमार के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया, जो उनके सेवा भाव और सामाजिक सोच को दर्शाता है।


**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. एमसी/40/सी/आरएसपी/डोर ब्लॉकिंग/2025-26, दिनांक 28.01.2026; मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** एमसी-40-सी-आरएसपी-डोर-ब्लॉक-आरई। **कार्य का नाम:** 3000 बीओएक्सएन वैगनों में दरवाजों की ब्लॉकिंग एवं ऊंचाई कम करना। **निविदा मूल्य:** रु. 2,56,86,735। **बयाना राशि:** रु. 2,78,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** कार्य प्रारम्भ होने से 12 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 18.02.2026 को 15.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-323/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीएसटीई-एलसीजीटी-7-एनडीएई-26, दिनांक** 28.01.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-एलसीजीटी-7-एनडीएई-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख 23.02.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल - निम्नलिखित कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य - अनुसूची ए1-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 7/सी के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची ए2-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 7/सी के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए दूरसंचार लागत। अनुसूची बी1-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 7/1 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची बी2-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 7/1 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए दूरसंचार लागत। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,76,86,255.57; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 2,38,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 09.02.2026. (HWH-569/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीजीटी-एनडीईई-केडब्ल्यूएई, दिनांक** 27.01.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीजीटी-एनडीईई-केडब्ल्यूएई के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख 20.02.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल - निम्नलिखित कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य - अनुसूची ए1-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 5/3 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण। अनुसूची ए2-एईएन/एनडीईई के अधिकार क्षेत्र के अधीन केएमएई-जेआईटी स्टेशनों के बीच किमी. 19/9-11 पर गेट सं. 5/3/ई पर एलएचएस के निर्माण के लिए दूरसंचार लागत। अनुसूची बी1-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 5/4 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण। अनुसूची बी2-एईएन/एनडीईई के अधिकार क्षेत्र के अधीन केएमएई-जेआईटी स्टेशनों के बीच किमी. 20/1-3 पर गेट सं. 5/4/ई पर एलएचएस के निर्माण के लिए दूरसंचार लागत। अनुसूची सी1-एईएन/केडब्ल्यूएई के अधीन बी.के. सेक्शन में एलसी गेट सं. 21/सी/ई के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण। अनुसूची सी2-एईएन/केडब्ल्यूएई के अधीन बी.के. सेक्शन में एलसी गेट सं. 21/सी/ई के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए दूरसंचार लागत। अनुसूची डी1-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 8/3 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची डी2-एईएन/एनडीईई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 8/3 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए दूरसंचार लागत। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,42,15,901.24; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 3,21,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 06.02.2026. (HWH-568/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# संपूर्णता अभियान 2.0 की सफलता को लेकर दिलाई गई शपथ

## जिले के चार प्रखंडों में संपूर्णता अभियान 2 की हुई शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** शुक्रवार को कंकौल स्थित प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी, कंकौल में नीति आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 'संपूर्णता अभियान 2.0 का जिले के आकांक्षी प्रखंडों एवं पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वस्त्र एवं कपड़ा मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, विधान पार्षद सर्वेश सिंह, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, उपमहापौर अनिता राय, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, सहायक समाहर्ता अजय यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में योजना विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, मनरेगा, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग तथा पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, डीपीओ वीबी जी राम जी, जिला समन्वयक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख, ग्राम पंचायतों के मुखिया, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने जानकारी दी कि नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले के चार आकांक्षी प्रखंड तेघड़ा, भगवानपुर, मंसूरचक एवं शाम्हो अकहा कुरहा को चिन्हित किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य चयनित सामाजिक-आर्थिक सूचकांकों में शत-प्रतिशत पूर्णता सुनिश्चित करते हुए जिले के समग्र एवं समावेशी विकास को गति देना है। उन्होंने बताया कि इन आकांक्षी प्रखंडों में सामाजिक विकास से जुड़े छह प्रमुख सूचकांकों पर विशेष फोकस किया जाएगा। जिनमें 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित पूरक पोषण उपलब्ध कराना, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के वजन एवं लंबाई की सटीक मापन व्यवस्था, सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में क्रियाशील शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, विद्यालयों में बालिकाओं के लिए पर्याप्त एवं चालू शौचालय तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मवेशियों का टीकाकरण शामिल है। इसके अतिरिक्त जिले स्तर पर भी पांच प्रमुख मानकों को लक्ष्य के रूप में निर्धारित किया गया है, जिनमें जन्म के समय शिशुओं का स्वस्थ वजन सुनिश्चित करना, टीबी अधिसूचना दर में वृद्धि, प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर प्रतिमाह ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन, विद्यालयों में बालिका शौचालयों की सुचारु उपलब्धता तथा जिले में कुल टीकात पशुओं के प्रतिशत में वृद्धि शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता पर आधारित विकास का व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम की वास्तविक सफलता तभी संभव है। जब सभी निर्धारित सूचकांकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। उन्होंने 'जी राम जी योजना का उल्लेख करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने पंचायत को स्वस्थ, स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि विकास की नई परिभाषा में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिसके लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'जी राम जी के अंतर्गत ग्राम पंचायत जो तय करेगी, वही योजना में सम्मिलित होगा। साथ ही मजदूरों को 60 दिन का कार्य एवं 60 दिन का अवकाश दिए जाने की भी जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के चारों आकांक्षी प्रखंडों में प्राथमिकता के आधार पर 'जी राम जी योजना के कार्य प्रारंभ किए जाएं और इसके लिए मडल नीतियां विकसित की जाएं, ताकि आकांक्षी प्रखंडों के विकास का एक प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके।कार्यक्रम के दौरान अभियान से जुड़े उद्देश्यों, रणनीतियों एवं अपेक्षित परिणामों की जानकारी देने हेतु अडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दिखाई गई, जिससे उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अभियान की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सांसद द्वारा सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को संपूर्णता अभियान 2.0 की सफलता हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही सेल्फी स्टैंड एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से सभी ने जिले के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया।

# महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शुक्रवार को कारगिल विजय सभा भवन एवं स्वर्ण जयंती पुस्तकालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, नगर निगम के महापौर सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रपिता के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द के उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात कर एक सशक्त, शांतिपूर्ण एवं समावेशी समाज का निर्माण किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक श्री मनीष ने भी महात्मा गांधी के विचारों को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में शांति, अनुशासन एवं आपसी भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# अहिंसा के पुजारी गांधी जी को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में शहीद दिवस अत्यंत श्रद्धा, सम्मान एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर की गई। जिसके माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी अमर शहीदों को नमन किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने शहीद दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण, देशभक्ति से ओत-प्रोत क्विज प्रतियोगिता तथा 'वंदे मातरम गीत पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुति दी। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को न केवल आकर्षक बनाया बल्कि उपस्थित सभी लोगों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक प्रबल किया। ज्ञात हो कि 30 जनवरी 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई थी। यह दिन भारत में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। जब देश सत्य, अहिंसा और बलिदान के प्रतीक गांधी जी को श्रद्धांजलि देता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हमें सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यदि बच्चे इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनका जीवन हमें संयम, कर्तव्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है। इन्हीं आदर्शों पर चलकर हम एक सशक्त और शांतिपूर्ण राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति, सम्मान और प्रेरणा के भाव के साथ किया गया। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को निरंतर विकसित किया जाएगा।

# 'गुलाबो गुलफाम' नाटक का किया गया मंचन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददातरा)।** दिनकर कला भवन में आस्था वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आठवां राष्ट्रीय नाट्य उत्सव विगत संध्या संसति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से शुभारंभ हुआ। इस आयोजन के अंतर्गत अगले तीन दिनों तक कोलकाता, प्रयागराज, पटना, बेगूसराय सहित कई रंग संस्थाओं की नाट्य प्रस्तुति मंचित होने जा रही है। आयोजन के पहले दिन की प्रस्तुति रंग रूप वैशाली बिहार की टीम द्वारा गुलाबो गुलफाम की नामक नाटक की प्रस्तुति अंजारूल हक के निर्देशन में किया गया जो मोईन गिरीडहवी की कहानी है। इस प्रस्तुति में कलाकार के रूप में आदिल रशीद कुणाल कुमार शांतनु चक्रवर्ती रणधीर कुमार, कृष्ण कुमार ने प्रदर्शित किया और उपस्थित दर्शक प्रस्तुति का आनंद लेते रहे। म्यूजिक में रणवीर कुमार और प्रकाश संयोजन राजीव राय ने किया। मंजन के उपरांत कलाकारों को भूमिपाल राय एमएलसी जी के द्वारा अंग वस्त्र एवं निर्देशक को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। नाट्य प्रस्तुति के पूर्व आयोजन का उद्घाटन भूमिपाल राय एमएलसी के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित किया गया।

# श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बापू ने सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सादगी, त्याग और समर्पण की मिसाल है, जिसे अपनाकर ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से अजीत कुमार सिंह, उदय नारायण चौधरी, संजय चौधरी, एनएसयूआई प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, विजय कुमार, नीतीश कुमार सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपिता को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

# मुंगेर विश्वविद्यालय के चार स्वयंसेवक राष्ट्रीय एकता शिविर में करेंगे बिहार का प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुंगेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) और क्षेत्रीय निदेशालय पटना के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार के पत्र के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, पटना द्वारा दिनांक 4 से 10 फरवरी , 2026 तक तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर (बिहार) में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में सहभागिता हेतु बिहार के 13 एनएसएस स्वयंसेवकों को सहभागिता करनी है। मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर विश्वविद्यालय से चार स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। मुंगेर विश्वविद्यालय से चयनित स्वयंसेवकों की सूची में अंशु प्रिया, आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर (पेंटिंग एवं लोकगीत), एकता निगम, कोशी कॉलेज, खगड़िया (नृत्य एवं गायन), शाहिल प्रकाश केएसएस कॉलेज, लखीसराय (भाषण एवं नृत्य), सूरज कुमार केकेएम कॉलेज, जमुई (अभिनय, भाषण) राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यकम, शैक्षणिक कार्यक्रम, पेंटिंग प्रतियोगिता, नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होना है। सहभागिता हेतु उन्हीं स्वयंसेवकों का चयन किया गया है जो माई भारत पोर्टल पर राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वयंसेवक के रूप में पंजीकृत हैं। इसके अलावा स्वयंसेवक को सांस्कृतिक कार्यक्रमों, (कजरी व झूमर नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, लोकनृत्य एवं लोकगीत आदि) क्षेत्रीय हस्त शिल्प, भाषा में निपुण तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, प्रतिभावान कौशल और नेतृत्व क्षमता रखते हैं। प्रतिभागियों को दिनांक 3 फरवरी, 2026 के शाम को शिविर स्थल पर पहुंचना है। चयनित प्रतिभागी ने मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को टी-शर्ट, एनएसएस कैप, एनएसएस बैज इत्यादि प्रदान किया। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) संजय कुमार ने मुलाकात के दौरान कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित शिविर में गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026, राष्ट्रीय एकता शिविर और एडवेंचर कैंप, शोध टीम इत्यादि में मुंगेर विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों का चयन एनएसएस की सक्रियता का परिणाम है। मुंगेर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि चयनित चार स्वयंसेवक बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन ही नहीं बल्कि प्रतिभा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि कुलपति का नेतृत्व क्षमता और कार्यक्रम समन्वयक की मेहनत ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की अपनी पहचान बनी है। मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू ने कहा कि प्रतिभावान छात्रों को राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन किया है। मुंगेर विश्वविद्यालय के छात्रों की सहभागिता राष्ट्रीय पटल पर वृद्धि हुई हैं। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, डॉ दशरथ प्रजापति, डॉ कलाल बाखला, डॉ दिवाकर कुमार, डॉ प्रियजन तिवारी, डॉ अंशु राय, डॉ सूरज कोनार, डॉ कुंदन लाल, डॉ संजय मांझी, संबंधित कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार, प्रो डॉ गिरीश चंद्र पांडे, प्रो डॉ कंचन गुप्ता, प्रो डॉ कपिल देव महतो और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार, डॉ कुमार बलवंत सिंह, डॉ सुदीप्ता मंडल, डॉ अमित कुमार ने बधाई दिया है। कार्यालय कर्मी सुमंत कुमार और सौरव शांडिल्य द्वारा आज स्वयंसेवकों का दस्तावेज सत्यापन किया गया उसके बाद चयनित सूची को क्षेत्रीय निदेशालय पटना भेज दी गई।

## वार्षिक उत्सव सह बाल मेला आयोजित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददातरा)।** प्रखंड के नवीन प्राथमिक विद्यालय मुसहरी जगदर में गुरुवार को स्पोर्ट टू प्री प्राइमरी के अंतर्गत आंगनवाड़ी के बच्चों एवं उनकी माताओं के साथ वर्ग प्रथम से तृतीय के बच्चों के बीच वार्षिक उत्सव स्पोर्ट्स मीट सह बाल मेला का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधान शिक्षक रितेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत मिट्टी से निर्मित खिलौना, चित्रकला, संगीत, लंगड़ी दौड़, गोली चम्मच, संगीत कुर्सी का आयोजन किया गया। जिसमें सफल प्रतिभागी को प्रस्तिपत्र से सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विमल कुमारी, राहुल कुमार, स्नेह त्यागी, सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, सुनीता कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता उत्तम राम, जीविका सीएम पिंकू देवी के अन्य ग्रामीण अभिभावक उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 371525 District(25-26)D है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,
डालटनगंज

PR 371986 Building(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 371122 Building(25-26):D है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 371985 (Building) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 371560 Building(25-26)D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 371987 Building(25-26).D


# गंगा ग्लोबल बीएड कालेज में मना शहीद दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन ने शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। सर्वप्रथम दो मिनट का मौन धारण किया गया उसके बाद गांधी जी की तस्वीर पर सभी ने पुष्प अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने कहा कि गांधी जी का साधारण व्यक्तित्व और साधनापूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं, बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया। भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। प्रशिक्षुओं ने रघुपति राघव राजा राम..., वैष्णव जन ते... तथा साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल... भजन से सभा आरंभ किया गया जिसमें काजल कुमारी, भानुप्रिया, सोनम प्रिया, शौर्या मेहता, सिद्धि कुमारी, मुस्कान कुमारी, ऋषभ कुमार, रानी कुमारी, मनीषा कुमारी, सरस्वती कुमारी, आकांक्षा कुमारी, गुड़िया कुमारी, काजल कुमारी ने अपनी सहभागिता निभाई। प्रशिक्षु रंजन कुमार, स्वीटी कुमारी, रोशनी कुमारी, श्रवण कुमार, सिद्धि कुमारी तथा नेहा कुमारी ने विचारों को प्रस्तूत करते हुए कविता प्रस्तुति एवं गायन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंच संचालन सत्र 2025-27 की प्रशिक्षु रीचा कुमारी ने किया। सहायक प्राध्यापक सह कार्यक्रम संयोजक प्रो परवेज यूसुफ ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें देश की आजादी के लिए शहीद होने वालों को याद रखने की जरूरत है। सहायक प्राध्यापक डा. अविनाश कुमार और प्रो कुंदन कुमार ने गांधी जी के विचारों को प्रस्तूत किया। उक्त अवसर पर सहायक प्राध्यापक प्रो सुधाकर पांडेय, डा अनिथा एस, डा. राजवंत सिंह, प्रो पिंटू कुमार, आलोक कुमार के साथ सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता पदयात्रा निकली

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के गांधी स्टेडियम में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में गुरुवार को मतदाता जागरूकता पदयात्रा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह एवं मेरा युवा भारत के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक राजा ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह पदयात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए काली स्थान चौक के रास्ते महिला कॉलेज के समीप जाकर संपन्न हुई। पदयात्रा के दौरान युवाओं ने लोकतंत्र एवं मतदान के महत्व से संबंधित नारे लगाकर आम जनता को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने यह शपथ ली कि वे स्वयं मतदान करेंगे तथा आम नागरिकों एवं नए मतदाताओं को भी मतदान के संबंध में जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों से आए सैकड़ों युवाओं के साथ-साथ सभी प्रखंडों के स्वयंसेवकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अमरजीत तिवारी ने बताया कि कांड संख्या 141/19 देवन साह के पुत्र अमरजीत साह उर्फ अमर कुमार को गिरफ्तार किया गया।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**
Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक..................../दिनांक......................

–: आम सूचना :–

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नगर पालिका के अध्याय 17 में अधिनियम 151, 152, 154 एवं 156 के तहत आन्तरिक राजस्व के विस्तार के स्रोत के विस्तार हेतु निगम क्षेत्रान्तर्गत किसी भी नागरिक को किसी प्रकार के व्यक्तिगत समारोह के आयोजन कराने हेतु टाउन हॉल एवं शिवाजी मैदान न्युनतम सेवा भुल्क के साथ प्रदान की जा सकती है, जिसकी विवरणी निम्न है :–

| क्र० | स्थान | समारोह हेतु सेवा भुल्क प्रतिदिन |
|---|---|---|
| 1 | टाउन हॉल | 30,000/–रू0 |
| 2 | शिवाजी मैदान | 25,000/–रू0 |

**उक्त स्थल को आरक्षित(बुकिंग) करने हेतु निम्नवत् शर्ते है :–**

1. दोनो स्थलो के लिए आवेदक को मेदनीनगर नगर निगम कार्यालय में आवेदन समर्पित कर निर्धारित सेवा भुल्क का भुगतान करना होगा।
2. उपरोक्त क्रमांक 01 एवं 02 में अंकित स्थल के लिए किसी भी समारोह के दौरान परिसर को गन्दगी मुक्त रखना अनिवार्य होगा तथा क्रमांक 02 में अंकित खाली जमीन पर ही समारोह आयोजित करने की अनुमति दी जायेगी।
3. दोनो स्थलों में समारोह के दौरान किसी भी तरह का अप्रिय घटना होने पर या सम्मिलित अतिथि को चोट, दुर्घटना इत्यादि होने पर मेदिनीनगर नगर निगम का किसी प्रकार की जवाबदेही नहीं होगी। सम्पूर्ण जवाबदेही आवेदक या आयोजक की होगी।

सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.372017 District(25-26):D


# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड के नावकोठी के वार्ड संख्या 12 स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर में शिव प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित दीपक झा, दर्शन झा, मनीष झा एवं श्रीधर पाठक के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत भव्य शोभायात्रा सह कलश यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने झंडा दिखाकर किया। कलश यात्रा में 251 कुंवारी कन्याएं सिर पर कलश लेकर मध्य विद्यालय, थाना चौक, आयुर्वेदिक औषधालय, आदर्श नगर होते हुए बूढ़ी गंडक नदी पहुंचीं। जहां विधिवत जल भराव किया गया। इसके बाद शोभा यात्रा सती स्थान, सीताराम पुस्तकालय का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। यज्ञ स्थल पर कलश पूजन किया गया तथा आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। इस दौरान देवाधिदेव महादेव के महात्म्य पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन नजर आए।शिव प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजक संतोष जयसवाल, फुलेना सहनी, वसंत महतो, चन्दन यादव, कृष्ण नन्दन जयसवाल, मिथुन सहनी, सुधीर सहनी, रवीश सहनी, भुवनेश्वर सहनी सहित तमाम ग्रामवासियों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

# डीकॉक का 100वें टी20 मैच में शतक

## दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से श्रृंखला जीती

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में शतक जड़ा जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221




रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि डीकॉक की 49 गेंदों में 115 रन की मदद से 17.3 ओवर तीन विकेट पर 225 रन बनाकर 15 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। डीकॉक ने डेवाल्ड ब्रेविस से उधार लिए बल्ले से खेलते हुए अपनी पारी में छह चौके और 10 छक्के लगाए। यह उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। रयान रिकेल्टन ने भी अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने 36 गेंदों में 77 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कप्तान एडन मार्कम (15) के जल्दी आउट हो जाने के बाद डीकॉक और रिकेल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। श्रृंखला का तीसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा, जिसके बाद दोनों टीमें अगले सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होंगी।

# पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई रोक नहीं: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि पूर्व भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कई महिला पहलवानों द्वारा दायर यौन उत्पीड़न मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई रोक नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने यह बयान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख की एफआईआर और उनके खिलाफ दर्ज आरोपों को रद्द करने की याचिका पर सुनवाई के लिए 21 अप्रैल की तारीख तय करते हुए दिया।




याचिकाकर्ता के वकील द्वारा स्थगन का अनुरोध किए जाने पर न्यायाधीश ने याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी और अगली सुनवाई की तारीख पर निचली अदालत के रिकॉर्ड मंगवाए। बृज भूषण के वकील द्वारा मुख्य वकील की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए स्थगन का अनुरोध किए जाने पर अदालत ने सवाल किया कि याचिकाकर्ता द्वारा इस मामले पर अभी तक बहस क्यों नहीं की गई है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, आप इस पर बहस क्यों नहीं कर रहे हैं? आपने याचिका दाखिल की है, लेकिन इस पर एक बार भी बहस नहीं हुई है। इस पर बृज भूषण के वकील ने भरोसा दिलाया कि अगली तारीख पर याचिका पर बहस की जाएगी। अदालत ने साफ कहा, %कोई रोक नहीं है। यह स्पष्ट किया जाता है कि निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई स्थगन नहीं है। सिंह ने वर्ष 2024 में उच्च न्यायालय का रुख करते हुए कहा था कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। अपनी याचिका में उन्होंने आरोप लगाया कि जांच पक्षपातपूर्ण तरीके से की गई और केवल पीड़ितों के बयानों को ही आधार बनाया गया, जो उनसे बदला लेना चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपों की सच्चाई की जांच किए बिना ही निचली अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दी गई। निचली अदालत ने 21 मई, 2024 को यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए।

# आस्ट्रेलियाई ओपन में दोहराया गया इतिहास

- किसी कपल ने 37 साल बाद लगातार दूसरे साल जीता खिताब
- डबल्स खिताब जीतने वाली गादेकी और पीयर्स 62 साल में पहली ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बन गए

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में ओलिविया गादेकी और जॉन पीयर्स की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। इस ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स फाइनल में फ्रांस की क्रिस्टिना मलादेनोविक और मैनुएल गिनार्ड की जोड़ी को हराकर खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही वे ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास में लगातार दूसरी बार ये खिताब जीतने वाली 37 साल में पहली जोड़ी बन गए हैं। इतना ही नहीं किसी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने लगातार दूसरे साल खिताब जीतने का कारनामा 62 साल बाद किया है। इस जोड़ी ने फाइनल में फ्रांसीसी जोड़ी को पहला सेट हारने के बाद कड़े संघर्ष के बीच 4-6, 6-3 और 10-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया है।

**1989 में हुआ था आखिरी बार ऐसा-** ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास में आखिरी बार 1989 में ऐसा हुआ था, जब कोई जोड़ी अपने मिक्स्ड डबल्स खिताब का बचाव करने में सफल रही थी। तब यह रिकॉर्ड याना नोवोत्ना और जिम पुघ की जोड़ी ने बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार दो साल ऑस्ट्रेलियन ओपन



मिक्स्ड डबल्स खिताब जीतने वाली जोड़ी मार्ग्रेट कोर्ट और केन फ्लेचर की थी, जिन्होंने 62 साल पहले ऐसा किया था।

**पहला सेट जीतकर फ्रांसीसी जोड़ी ने बना ली थी पकड़-** फ्रांसीसी जोड़ी ने पहला सेट 6-4 से जीतकर बढ़त बना ली थी। उन्होंने मैच पर अपनी पकड़ बनाने का संकेत दिया था, लेकिन अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल रही ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में शानदार वापसी कर ली।

### टाईब्रेकर में भी पिछड़ रही थी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी

रॉड लेवर एरिना में खेले गए फाइनल मुकाबले में टाईब्रेकर के दौरान भी स्टैंड्स में बैठे ऑस्ट्रेलियाई दर्शक तब मायूस दिख रहे थे, जब गादेकी और पीयर्स की स्थानीय जोड़ी 5-7 से पिछड़ गई थी। मैच पूरी तरह फ्रांसीसी जोड़ी के कब्जे में दिख रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने जबरदस्त संघर्ष करते हुए पलटवार किया और टाईब्रेकर को 10-8 से अपने नाम कर लिया। उन्होंने अपने दूसरे चैंपियनशिप पॉइंट पर जैसे ही जीत हासिल की, पूरे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी के साथ इस जोड़ी का नाम इतिहास के पन्ने पर लिखा जा चुका था।

# न्यूजीलैंड के साथ आखिरी टी20 आज

## मैच के लिए तिरुवनंतपुरम में पहुंची भारतीय टीम

- संजू की फॉर्म पर सुरेश रैना का साफ मैसेज, वर्ल्ड कप में बताई जीत की कुंजी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारियों के बीच भारतीय क्रिकेट को लेकर चर्चाएं तेज़ हो गई हैं। इसी कड़ी में भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज और वर्ल्ड कप विजेता सुरेश रैना ने टीम इंडिया के संभावित कॉम्बिनेशन पर खुलकर



अपनी राय रखी है। खास तौर पर उन्होंने संजू सैमसन की मौजूदा फॉर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। रैना का मानना है कि खराब आंकड़ों के बावजूद सैमसन जैसे खिलाड़ी को लगातार मौके देना भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**सूर्यकुमार यादव से की तुलना-** वर्ल्ड लेजेंड्स प्रो टी20 लीग के दौरान मीडिया से बातचीत में रैना ने सैमसन की स्थिति की तुलना सीधे सूर्यकुमार यादव से की। उनके अनुसार, लगभग एक साल तक सूर्या रन नहीं बना पाए थे, लेकिन टीम ने उन्हें लगातार मौके दिए। वही भरोसा अगर संजू को मिला, तो वह भी मैच विनर बनकर उभर सकते हैं। रैना का

- **टॉप-4 को बताया भारत का 'इंजन रूम'-** सुरेश रैना के एनालिसिस का सबसे अहम हिस्सा भारत का टॉप-4 बल्लेबाज़ी क्रम रहा। उन्होंने कहा कि यही चार बल्लेबाज़ तय करेंगे कि टीम 170 पर रुकेगी या 210 के पार जाएगी। रैना के मुताबिक, टॉप-4 का काम सिर्फ टिककर खेलना नहीं, बल्कि शुरुआती बढ़त को बड़े स्कोर में बदलना है।
- **अभिषेक शर्मा-ईशान किशन की जोड़ी से उम्मीद-** रैना ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की ओपनिंग जोड़ी की खुलकर तारीफ की। उन्होंने उनकी निडर बल्लेबाज़ी को भारत के लिए बड़ा हथियार बताया। उनका कहना है कि यह जोड़ी पहले 10 ओवर में ही 140-150 रन बनाने या चेज़ करने की क्षमता रखती है। लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन गेंदबाज़ों पर अतिरिक्त दबाव बनाता है।

### संजू सैमसन पर रैना का साफ संदेश

सुरेश रैना ने साफ कहा कि संजू सैमसन की हालिया फॉर्म पर जरूरत से ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। जनवरी 2025 के बाद से उनका औसत भले ही 20 से नीचे रहा हो, लेकिन रैना के मुताबिक क्लास कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने टीम मैनेजमेंट को सलाह दी कि सैमसन के साथ वही धैर्य दिखाया जाए, जो एक समय सूर्यकुमार यादव के मामले में दिखाया गया था। रैना ने कहा कि जब सूर्या रन नहीं बना पा रहे थे, तब भी कप्तान और कोच ने उन पर भरोसा बनाए रखा, और नतीजा सबके सामने है।

- **सूर्यकुमार यादव बने संजू सैमसन के 'बॉडीगार्ड'-** एयरपोर्ट पर रास्ता कराया खाली; वायरल हो रहा भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेलना है। ये मैच संजू सैमसन के घरेलू राज्य में है। संजू की लोकप्रियता पूरे भारत में कम नहीं है और अपने राज्य में तो वह और ज्यादा ही फेमस हैं। इसी को लेकर सूर्यकुमार यादव ने एयरपोर्ट पर उनके मजे ले लिए। संजू जब टीम से बाहर होते हैं तो उनके फैंस सोशल मीडिया पर बवाल काट देते हैं। उनके बाहर जाने के बाद फैंस सेलेक्शन कमेटी से लेकर कप्तान और कोच को भी आड़े हाथों ले लेते हैं। उनकी दीवानगी तिरुवनंतपुरम में भी देखने को मिली।
- **सूर्यकुमार यादव ने लिए मजे-** पांचवें मैच के लिए भारतीय टीम तिरुवनंतपुरम पहुंच चुकी है। टीम जब फ्लाइट से उतरी और एयरपोर्ट से बाहर आ रही थी तो सूर्यकुमार और संजू साथ में ही थे। सूर्यकुमार ने यहीं से संजू के मजे लेने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा, 'साइड में हटो, साइड में हटो। प्लीज रास्ता बनाओ। चेट्टा को डिस्टर्ब मत करो।' फिर जब संजू एस्केलेटर से उतर रहे थे तब सूर्यकुमार ने पूछा, 'भगवान के देश में लैंड किया है।'

# किंग कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट कुछ घंटों तक गायब रहने के बाद फिर एक्टिव हुआ

**बंगलूर (एजेंसी)।** क्रिकेट के किंग विराट कोहली के प्रशंसकों के लिए शुक्रवार की सुबह किसी झटके से कम नहीं थी। अचानक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम से विराट कोहली का आधिकारिक अकाउंट गायब हो गया जिससे उनके 27.4 करोड़ (274 फॉलोअर्स के बीच हड़कंप मच गया।... हालांकि कुछ घंटों के रहस्य और सस्पेंस के बाद अब विराट का अकाउंट फिर से एक्टिव हो गया है।

### सुबह-सुबह फैंस को लगा झटका




30 जनवरी 2026 की सुबह जब फैंस ने इंस्टाग्राम पर विराट कोहली की प्रोफाइल सर्च की तो वहां दिस पेज इज नाट अलेविल का मैसेज दिखाई दिया। देखते ही देखते एक्स पर विराट कोहली ट्रेंड करने लगा। लोग कयास लगाने लगे कि क्या विराट ने सोशल मीडिया से संन्यास ले लिया है या उनका अकाउंट हैक हो गया है। रहस्य तब और गहरा गया जब खबर आई कि विराट के भाई विकास कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट भी उसी समय गायब हो गया है।

### क्या थी वजह?

विराट कोहली या उनकी टीम की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया है लेकिन जानकारों का मानना है कि यह इंस्टाग्राम के सर्वर या किसी तकनीकी खराबी के कारण हो सकता है।पिछले कुछ समय से विराट अपनी प्राइवेसी को लेकर काफी गंभीर रहे हैं। फैंस का मानना था कि शायद उन्होंने परिवार के साथ समय बिताने के लिए अकाउंट डीएक्टिवेट किया हो।

# 5 बल्लेबाज जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में ठोके हैं सबसे तेज शतक

## क्रिस गेल के नाम ही है दो तेज शतक




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप को शुरू होने में कुछ ही समय बाकी है। इस साल टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में खेला जा रहा है। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेविस हेड और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ी इस साल वर्ल्ड कप में ताबड़तोड़ पारियां खेल सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि इस टूर्नामेंट कके इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले 5 बल्लेबाज कौन से हैं? खास बात यह है कि इस लिस्ट में दो बार क्रिस गेल का ही नाम है।

- **क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 47 गेंद-** टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड 'यूनिवर्स बॉस' क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने 2016 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मात्र 47 गेंदों पर शतक जड़ा था। इस पारी में उन्होंने 11 छक्के लगाकर इंग्लिश गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी थीं।
- **क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 50 गेंद-** दिलचस्प बात यह है कि दूसरा सबसे तेज शतक भी क्रिस गेल के ही




नाम है। उन्होंने 2007 के पहले टी20 वर्ल्ड कप के ओपनिंग मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 50 गेंदों में




शतक पूरा किया था। यह टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का पहला शतक भी था।

ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) - 51 गेंद न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 2012 के वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ पल्लेकेले में मात्र 51 गेंदों पर शानदार शतक जड़ा था। उनकी 123 रनों की वह पारी लंबे समय तक टूर्नामेंट का हाईएस्ट स्कोर रही थी।

- **रिली रोसौव (दक्षिण अफ्रीका) - 52 गेंद-**दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसौव ने 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ सिडनी में कहर बरपाया था। उन्होंने केवल 52 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रोसौव टी20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले पहले साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज भी बने।
- **अहमद शहजाद (पाकिस्तान) - 58 गेंद-**पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अहमद शहजाद ने 2014 के टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था। उन्होंने 58 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। वह पाकिस्तान की ओर से टी20 इंटरनेशनल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बने थे।

# आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास

## रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा



**आयरलैंड (एजेंसी)।** आयरलैंड क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज़ और मौजूदा कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने पुरुष टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक नया इतिहास रच दिया है। गुरुवार को यूएई के खिलाफ दुबई में खेले गए मुकाबले में उन्होंने अपना 160वां टी-20 मैच खेलते हुए यह अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस उपलब्धि के साथ स्टर्लिंग ने भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। निरंतरता, अनुभव और आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर स्टर्लिंग अब टी20 क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद चेहरों में शुमार हो चुके हैं।

- **160वां टी-20 और ऐतिहासिक उपलब्धि-** पॉल स्टर्लिंग ने यूएई के खिलाफ मैदान पर उतरते ही पुरुष क्रिकेट में सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यह उपलब्धि उनके लंबे और स्थिर करियर की पहचान है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था, लेकिन स्टर्लिंग ने लगातार खेलते हुए यह मुकाम हासिल किया। 2009 से आयरलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे स्टर्लिंग ने यह साबित किया है कि छोटे क्रिकेटिंग राष्ट्रों के खिलाड़ी भी वैश्विक मंच पर इतिहास रच सकते हैं।
- **टी-20 रन चार्ट में टॉप बल्लेबाजों में शामिल -** पॉल स्टर्लिंग सिर्फ मैचों की संख्या में ही आगे नहीं हैं, बल्कि रन बनाने के मामले में भी उन्होंने खुद को शीर्ष बल्लेबाज़ों में शामिल किया है। वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनके नाम 3,874 रन दर्ज हैं, जिसमें एक शतक और 24 अर्धशतक शामिल हैं। उनसे आगे पाकिस्तान के बाबर आजम, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज मौजूद हैं, जो उनकी उपलब्धि को और भी खास बनाता है।
- **अनुभव और निरंतरता की मिसाल-** स्टर्लिंग के साथ खेलने वाले आयरलैंड के जॉर्ज डॉकरेल इस सूची में 153 मैचों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी (148 मैच) और इंग्लैंड के जोस बटलर (144 मैच) भी इस एलीट क्लब का हिस्सा हैं। इतने लंबे समय तक फिट रहना और नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना स्टर्लिंग की मेहनत, अनुशासन और क्रिकेट के प्रति समर्पण को दर्शाता है।
- **आक्रामक बल्लेबाजी बनी पहचान-** पॉल स्टर्लिंग अपनी पावर-हिटिंग के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं। वह गेंद पर जबरदस्त ताकत लगाकर खेलने में माहिर हैं और सीधे या मिडविकेट के ऊपर से लगाए गए उनके पुल शॉट दर्शकों को खूब रोमांचित करते हैं।

बड़े मैचों में प्रदर्शन करना उनकी खासियत रही है। 2012 और 2013 के वर्ल्ड टी20 क्वालीफायर फाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई उनकी पारियां आज भी याद की जाती हैं।

# औरंगाबाद में 50 केंद्रों पर होगी इंटर की परीक्षा

## 39696 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक नगर भवन में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष की संयुक्त अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी तक दो पालियों में किया जाना निर्धारित है। इस क्रम में सदर अनुमंडल में कुल 25 परीक्षा केंद्र तथा दाउदनगर अनुमंडल में भी 25 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां कुल 39,696 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक प्रातः 07:00 बजे अनिवार्य रूप से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व, अर्थात अपराह्न 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित समय के उपरांत विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी वीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी अथवा पुलिसकर्मी के पास मोबाइल फोन रखना पूर्णतः वर्जित रहेगा। यदि किसी के पास मोबाइल फोन पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर अनिवार्य सघन जांच (फ्रिस्किंग) कराकर तथा प्रवेश पत्र की विधिवत जांच के उपरांत ही प्रवेश दिया जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) सादुल हसन खान, वरीय समाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल सहित सभी केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी उपस्थित थे।

## देवकली बांध के समीप से युवक का शव बरामद

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज-कासमा पथ पर देवकली बांध के समीप से पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव बरामद कियाहै। मृतक की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के शिमला बिगहा निवासी धर्मेंद्र दास के पुत्र सुरेंद्र दास के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह, पीएसआई बिट्टू कुमार, एएसआई नवीन कुमार, किशोरी शाह, अरुण कुमार, इंद्रदेव कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर कहीं भी चोट का निशान नहीं है। मृतक की मौत का वास्तविक पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चल सकता है। हालांकि अशंका जताई जा रही है कि मोटरसाइकिल से गिरने से सुरेंद्र दास की मौत हुई होगी। परिजनों के अनुसार सुरेंद्र दास गुरुवार की संध्या करीब चार रफीगंज के लिए निकले थे और संध्या करीब सात बजे घर लौट रहे थे लेकिन रात्रि में घर नहीं पहुंचे। शुक्रवार की सुबह में राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का बाइक बरामद किया है।

## डकैती सहित अन्य मामलों में 54 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। इस क्रम में पिछले 24 घंटे के दौरान 54 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 33 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। डकैती के कांड में एक, हत्या प्रयास के शीर्ष में 14, शराब कांड में 11 एवं अन्य शीर्ष कांड में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 320 लीटर देसी शराब, 80 लीटर स्प्रिट, एक देसी कट्टा, एक मोबाइल फोन, 281970 नकद रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा एक वारंट का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1470 वाहनों की जांच की गई जिसमें 173000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## नाबालिग लड़की को अगवा करने का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नाबालिग लड़की के एक अपहरण मामले में मुफस्सिल पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी हरेश सिंह के रूप में की गई है। यह बीते 15-20 दिनों से फरार था। पुलिस की दबिश पर आरोपी थाना क्षेत्र के फारम से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि नाबालिक लड़की के अपहरण मामले में पीड़िता के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कही पता नहीं चला। गलत नियत से आरोपी नाबालिक लड़की का अपहरण कर लिया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पुलिसिया दबिश पर अपहृता के साथ आरोपी थाना क्षेत्र के फारम से पकड़ा गया। पूछताछ के बाद अपहर्ता को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जबकि नाबालिग लड़की को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल पुलिस ले गई है। लड़की का न्यायालय में बयान कराया गया है।

# जनता दरबार में एसपी ने सुनी फरियाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 59 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों के फरियाद को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाने को निर्देश देते हुए कहा कि थाना या पुलिस कार्यालयों में जो भी फरियादी पहुंच रहे हैं उनकी समस्याओं का निष्पादन त्वरित गति से करें। उन्होंने कहा कि आम आवाम के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस थाने द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की जाएगी उसके विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित होगा। कहा कि जनता दरबार पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस लगातार फरियादियों की समस्याओं के समाधान में जुटी हुई है।

## साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** साइबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के डुमरी गांव में सीएससी वीजा के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को जानकारी देते हुए सीएससी भीएलई राजू चौधरी ने बताया कि किस प्रकार जागरूक और सावधानियां बरतने से हम ठगी के शिकार से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहनकर या अनजान नंबर से फोन करता है और पैसे ट्रांसफर करने की बात कहता है तो तुरंत सतर्क हो जाए। संबंधित व्यक्ति का नाम और उसके द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर को गूगल पर सर्च करें या शक होने पर स्थानीय थाना को इसकी जानकारी दें। अनजान व्यक्ति के कहने पर कभी भी अपनी बैंक की जानकारी साझा ना करें। ठगी करने वाले लोग अपने आप को पुलिसकर्मी या बैंक के अधिकारी बताकर लोगों से बैंक डिटेल ले लेते हैं और फिर ठगी करते हैं। साइबर अपराधी आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड का इस्तेमाल कर ड्रग तस्कर मे होने की बात कहता हो तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दे।

## नेशनल हाइवे-19 पर जलजमाव से लोग परेशान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नेशनल हाईवे-19 पर सिक्स लेन निर्माण कार्य चल रहा है। मदनपुर प्रखंड के शिवगंज बाजार के समीप आए दिन जाम की समस्या से लोग परेशान है। स्थानीय लोगों ने मामले में एनएचआई के अधिकारियों व निर्माण कार्य में लगे कंपनी के अधिकारियों पर लापरवाही और निष्क्रियता का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिक्स लेन का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन नाले से पानी निकासी की उचित प्रबंधन नहीं होने के कारण सड़क पर जल जमाव से जाम की समस्या से लोग त्रस्त है। स्थानीय समाजसेवी मुरारी कुमार सोनी, अखिलेश चंद्रवंशी, मुंशी प्रसाद मेहता, गोकुल सिंह, प्रो. दिनेश प्रसाद ने बताया कि शिवगंज बाजार के समीप एनएच-19 के चौड़ीकरण कार्य हो रहा है जिसमें नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है। निर्माण में शिथिलता बरतने, नालियों की पानी निकासी के उचित व्यवस्था नहीं करने से जहां एक ओर सड़क जाम की समस्या से आवागमन बाधित रहता है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा को रेखांकित करती है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

### सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्रो. योगेन्द्र पांडेय, प्रो. रामाकांत सिंह, अभय सिंह, पंकज सिंह, प्रो. सुधीर कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार, बहादुर भीम कुमार सिंह, राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में शिक्षक की पहचान, पुनर्संकल्पना, स्वायत्तता, सशक्तिकरण और जवाबदेही रहा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिंह, निदेशक शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया और मुख्य संरक्षक शशि प्रताप शाही, कुलपति मगध विश्वविद्यालय बोधगया रहे। सेमिनार का विषय प्रवेश संयोजक राजीव रंजन ने कराया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने सेमिनार के मुख्य विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष बल दिया। पहले दिन के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में योगेंद्र पांडेय, शिक्षा संकाय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस सत्र की अध्यक्षता नरेंद्र पांडे, शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया ने की, जबकि रिपोर्टियर की भूमिका अमित रंजन, सहायक प्राध्यापक, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद ने निभाई। सत्र का धन्यवाद ज्ञापन संजीव पांडे, सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया ने किया और मंच संचालन किरण कुमारी, सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद ने किया। संगोष्ठी के पहले दिन के अंतिम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका समन्वय नीतू सिंह ने किया। इस सत्र में रिपोर्टियर की भूमिका शशिकांत कुमार, सहायक प्राध्यापक ने निभाई। सत्र का धन्यवाद ज्ञापन नागेंद्र कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन विभाग, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद ने किया, जबकि मंच संचालन साक्षी कुमारी और केसर ने किया।

## ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार


**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ट्रैक्टर से बैट्री चोरी के आरोप में देवकुंड पुलिस द्वारा एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी अंजर खां के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ट्रैक्टर से बैट्री चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। इसके बाद ट्रैक्टर मालिक ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की बैट्री थाना क्षेत्र के ही बंतारा गांव निवासी नेयाज खां की है। उसके द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि पकड़ा गया आरोपी नशे की आदि था। वह नशें की खुराक के लिए चोरियां करता था। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नेयाज को जेल भेज दिया गया।

## शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार राज्य अति पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार आर्य शुक्रवार को औरंगाबाद पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष ने सर्वप्रथम गेट स्कूल के समीप स्थापित पूर्व विधान पार्षद स्व. डॉ. शंकर दयाल सिंह की आदमकद प्रतिमा पर भव्य समारोह में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात अध्यक्ष जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास पहुंचे, जहां उन्होंने छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन के साथ आगे बढ़ने एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है। अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली अनुदान राशि को बढ़ाकर 2000 रूपये प्रति माह कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की राशि में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में और अधिक सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा उनके सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे।



# पूर्व एमएलसी डा. शंकर दयाल सिंह की पुण्यतिथि मनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के डा. शंकर दयाल सिंह स्मृति भवन में शुक्रवार को पूर्व एमएलसी डा. शंकर दयाल सिंह की 12वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनायी गयी। समारोह में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, नबीनगर विधायक चेतन आनंद, भाजपा नेता सुनील सिंह, जदयू नेता दीपक सिंह, मदनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष पियुष रंजन उर्फ रिषु सिंह, जदयू के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडेय, किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज की प्राचार्या कुमारी गायत्री असदि मौजूद रहे। सभी ने डा. शंकर दयाल सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। जदयू नेता दीपक सिंह व मदनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष पियुष रंजन उर्फ रिषु सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि डा. शंकर दयाल सिंह सादगी के प्रतीक थे। उनका सभी के प्रति उत्तम विचार रहता था। उन्होंने बिहार माध्यमिक शिक्षक संगठन खड़ा किया। हम सभी को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनके बताए गए मार्गों पर चलने की जरूरत है। कहा कि डा. शंकर दयाल सिंह जिले के अनमोल धरोहरों में से एक थे। इस मौके पर राजद नेता ई. सुबोध कुमार सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष रामाधार सिंह, शिक्षक अशोक पांडेय, नारेंद्र सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के अमिताभ रंजन, उदय कुमार सिंह, गायक सनोज सागर, निरंजन विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## शहीद दिवस पर भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज की एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में शहीद दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका एवं कॉर्डिनेटर डॉ संजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर डॉ निहारिका ने कहा कि शहीद दिवस शहीदों को याद करने का दिन है। इस दौरान कई छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित हुई जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया। भाषण में राजकुमार एवं पेंटिंग में सुशांत एवम प्रिंस को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन सीनियर स्वयंसेवक बुशरा परवीन ने बेहतरीन अंदाज में किया। इस मौके पर रौनक, ध्रुव और कई छात्रों की मौजूदगी रही। शहीद दिवस के आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने एनएसएस यूनिट को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर संजीव रंजन सहित अन्य मौजूद रहे।